RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 205 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# आत्मनिर्भर युवा नए उप्र. की पहचान : मुख्यमंत्री

## विश्व युवा कौशल दिवस पर किया कौशल मेले का उद्घाटन



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पर कौशल मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन प्रदेश के 75 जिलों से कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में एआई नवाचार से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस मौके पर MNIT इलाहाबाद के साथ कौशल विकास मिशन ने MOU भी किया। इससे कौशल प्रशिक्षण में स्मार्ट प्रौद्योगिकी को बढ़ावा और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस अवसर पर इंडस्ट्री पार्टनर को सम्मानित किया गया। 262 राजकीय आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए टाटा के सुशील कुमार समेत कई ट्रेनिंग पार्टनर को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है। हमारे पास स्केल है, लेकिन उसे स्किल में बदलने के लिए ये सभी प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार दो करोड़ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए स्मार्ट फोन और टैबलेट उपलब्ध करा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ODOP से डेढ़ करोड़ से ज्यादा को रोजगार मिला है। योग्य व्यक्ति के लिए काम की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अपनी फील्ड में ए-टू-जेड तक सबकुछ आना चाहिए। सीएम ने कहा कि अब NEP से एक साथ दो डिग्री ले सकते हैं। आज आपके पास सुविधाओं की कमी नहीं, यूपी में अवसरों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है, यहां '25 करोड़ की आबादी निवास करती है', हमारे पास मानव संसाधन की कमी नहीं है। अब स्केल को स्किल में बदलना होगा, उत्तर प्रदेश में 400 के आस-पास गवर्नमेंट आईटीआई हैं, गवर्नमेंट III में 40 रुपया फीस है, प्राइवेट में हम छात्रों को स्कॉलरशिप देते हैं, सीएम ने कहा कि अगर 'सरकार की नियत ठीक होती है तो निवेश होते हैं', 'कानून व्यवस्था ठीक होती है तो निवेश होते हैं'।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सीएम युवा आइकन हैं। उनका आगमन हमें ऊर्जा देगा। पीएम मोदी और (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कांवड़ रूट पर नेम प्लेट, QR कोड पर योगी सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली ( एजेंसी )** कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के क्यूआर कोड आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका दुकानों पर क्यूआर कोड लगाने के आदेश के खिलाफ है। इन क्यूआर कोड को स्कैन करके दुकान मालिकों के नाम पता चल सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट अब अगले मंगलवार को यानी 22 जुलाई को मामले पर सुनवाई करेगा। साथ ही साथ अन्य सभी याचिकाओं और आवेदनों को समबद्ध करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यूपी सरकार का यह आदेश पिछले साल सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को ऐसा ही आदेश लागू करने से रोक दिया था। उस आदेश में कहा गया था कि दुकानदारों को सिर्फ यह बताना होगा कि वे क्या खाना बेच रहे हैं। उन्हें अपना और अपने कर्मचारियों का नाम बताने की जरूरत नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि खाद्य विक्रेताओं को केवल यह (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लाखों युवाओं के लिए अच्छी खबर, PET परीक्षा की तिथि घोषित




**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी खबर है। UPSSSC ने PET 2025 ( प्रारंभिक अर्हता परीक्षा) की तारीखों का ऐलान कर दिया है। यह परीक्षा 6 और 7 सितंबर 2025 को दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। इस बार रिकॉर्ड 25 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा केंद्रों को लेकर भी सरकार ने बड़ा बदलाव किया है, जिससे ज्यादा छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का मौका मिल सकेगा।

अब PET में शामिल होने वाले अभ्यर्थी तीन साल तक इस स्कोर के आधार पर ग्रुप C भर्तियों में आवेदन कर सकेंगे। पहले यह वैधता केवल एक साल के लिए होती थी।

PET स्कोर के बिना कई भर्तियों में आवेदन नहीं किया जा सकता (इनमें ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखपाल, वन रक्षक, एक्स-रे टेक्नीशियन, आईटीआई अनुदेशक, एग्रीकल्चर असिस्टेंट आदि प्रमुख पद शामिल हैं।

# सेंट स्टीफन कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोमवार को दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद राजधानी दिल्ली के पब्लिक स्कूलों को फिर से ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार (15 जुलाई) को द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

एजेंसी के मुताबिक, स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, दिल्ली फायर ब्रिगेड और स्पेशल स्टाफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सेंट थॉमस स्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज परिसर को खाली करा लिया गया है। जांच में अभी तक पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। बम की यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है।

दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वारका के सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड,



दिल्ली फायर ब्रिगेड और स्पेशल स्टाफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। आगे कहा कि सेंट थॉमस स्कूल और सेंट स्टीफंस कॉलेज को खाली करा लिया गया है। अभी तक पुलिस को किसी भी जगह पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। धमकी मेल के जरिए दी गई थी।

## बिल्डिंग का छज्जा गिरा, मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के शालीमार गार्डन एक्सटेंशन के बी ब्लॉक में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां बिल्डिंग का छज्जा गिरने से नीचे काम कर रहे एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी अतुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बी-153 एक्सटेंशन-2 शालीमार गार्डन में छज्जा का निर्माण करने के लिए 2 मजदूर चढे थे। उन्होंने बताया कि बीते 12 जुलाई को इसी बी-153 में बराबर वाला छज्जा गिर गया था जिससे एक थार गाड़ी टूट गई थी। इसके बाद यहां रहने वाले मनीष






सक्सेना छज्जे को ठीक करा रहे थे। छज्जा ठीक करने के लिए मजदूर सुमित कुमार (27 वर्ष) व एक अन्य मजदूर ऊपर चढ़े थे, लेकिन अचानक बिल्डिंग का छज्जा गिर गया। सुमित भी छज्जे के साथ नीचे आकर गिरा जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुमित का शव अस्पताल में रखा गया है। जबकि घायल मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पुलिस के अधिकारी व थाना प्रभारी बृजेश कुमार भी मौजूद हैं।

## ऑटो चालकों व किसान संगठन का प्रदर्शन

### सिटी सेंटर पर लगा जाम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ऑटो चालक एसोसिएशन तथा किसान संगठनों ने सिटी सेंटर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों ऑटो के जमावड़े से रास्ता जाम हो गया।

किसान नेता ओमप्रकाश गुर्जर ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर डीसीपी यातायात तथा एआरटीओ को पहले ही ज्ञापन देकर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन आज तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। यदि आज भी कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो आक्रामक लड़ाई की तैयारी की जाएगी।

उनकी मांग है कि ई-ऑटो व ई-रिक्शा के पंजीकरण पर प्रतिबंध लगाया जाए। बाइक से सवारियां ढोने वालों पर प्रतिबंध लगाया जाए। ड्राइविंग लाइसेंस व फिटनेस का कार्य प्राइवेट हाथों में न सौंपा जाए। परिवहन व यातायात पुलिस द्वारा सीज वाहनों व सामान के सुरक्षा की पूरी गारंटी ली जाए। मैनुअल चालानों व सीज करने पर प्रतिबंध लगाया जाए। समूचे जनपद का परमिट दिल्ली की तर्ज पर किया जाए। खबर लिखे जाने तक धरना-प्रदर्शन जारी था।

## नोएडा प्राधिकरण में सीएलए का पद रिटायर्ड जज को सौंपने की तैयारी!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में तकरीबन तीन माह से रिक्त चल रहे मुख्य विधि सलाहकार (सीएलए) पद पर किसी सेवानिवृत्त न्यायधीश की नियुक्ति की जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा कि इस पद पर कोई सेवानिवृत्त न्यायधीश की नियुक्ति की जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा कि इस पद पर कोई सेवानिवृत्त न्यायधीश को यहपद सौंपा गया है।

सीएलए पद पर लगभग तीन वर्ष तक कार्यरत रहे न्यायिक अधिकारी रविन्द्र प्रसाद गुप्ता के लखनऊ स्थानान्तरण के बाद अभी तक किसी को नियुक्त नहीं किया गया है। रविन्द्र प्रसाद गुप्ता का कार्यकाल काफी अच्छा रहा।

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

अब इस पद पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश को नियुक्त करने की तैयारी की जा रही है। इसके पीछे दो कारण माने जा रहे हैं। एक तो प्राधिकरणों में उच्च न्यायालय आसानी से न्यायिक अधिकारियों को भेजता नहीं है। दूसरे नियुक्ति पाने वाले सेवारत न्यायिक अधिकारी अपनी हनक के साथ रहते हैं और प्राधिकरण अधिकारियों के स्याह सफेद कार्यों को आसानी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नये सर्किल रेट पर लगे ब्रेक

### जुलाई में भी नहीं लागू हो सकी नई दरें

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में नये सर्किल रेट लागू करने पर फिलहाल ब्रेक लग गया है।

बता दें कि करीब 4 माह पूर्व जिला प्रशासन ने सर्किल रेट की बढ़ी हई दरों का ड्राफ्ट फाइनल कर लिया था। अप्रैल-2025 से इसे लागू किया जाना था। लेकिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा देरी से सौंपी गई रिपोर्ट के कारण इसमें काफी वक्त लग गया। बढ़े सर्किल रेट की दरों को जुलाई से लागू करने की योजना थी।



बताया जाता है कि नई सर्किल रेट के मामले पर फिलहाल ब्रेक लग गये हैं। इस बाबत जिला प्रशासन की ओर से कोई बयान नहीं आ रहा है। लेकिन अफसरों का अनौपचारिक कहना है कि इसी वर्ष नये सर्किल रेट की बढ़ी हुई दरें लागू कर दी जाएंगी।

इस बीच फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने वाले बॉयर्स के लिए यह अच्छा मौका है। समय रहते वे इस मौके का लाभ उठाकर रजिस्ट्री करा लें।

नई दरें लागू होने के बाद से उन्हें रजिस्ट्री कराने में 20-30 फीसदी की वृद्धि से रूबरू होना पड़ेगा।

## हादसों को दावत दे रहे सेक्टर-11 में खुले पड़े नाले

### पास में स्थित स्कूली बच्चों को भी खतरा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बरसात शुरू हो गई है। जगह-जगह जल भराव शुरू हो गया है। लेकिन नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के कारण जगह-जगह खुले नाले तथा सीवर के मेनहोल हादसों को दावत दे रहे हैं। प्राधिकरण के ठेकेदारों की लापरवाही से ये खुल नाले मौत का कुआं साबित हो रहे हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने मानसून में जल भराव को रोकने के लिए सभी नालों की सफाई करा दी है तथा कुछ में काम चल रहा है। लेकिन ठेकेदारों ने सेक्टर-11 तथा 12 में नालों को खुला छोड़ दिया है। उनके ऊपर रखे आरसीसी के स्लैब अभी तक नहीं ढके हैं। इसको लेकर सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों एवं निवासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता तथा महासचिव दिनेश कृष्णन ने बताया कि सेक्टर-11 में नालों की सफाई के लिए नालों के ऊपर रखे बड़े-बड़े स्लैब हटाए गए थे जो की आज भी सड़क के किनारे पड़े हैं। जिससे सेक्टर के अंदर ट्रैफिक की समस्या तो पैदा हो ही रही है साथ ही खुले हुए नालों के अंदर से उठने वाली बदबू व गैस वातावरण को दूषित कर रही है। वहीं हादसों का भी भय हमेशा सताता रहता है।

सेक्टर के एन.एम.जे. तथा एस ब्लॉक में मॉडर्न स्कूल से लेकर एस ब्लॉक के कॉर्नर तक पूरा नाला खुला पड़ा है। स्कूल के बच्चे छुट्टी के समय निकलते हैं तो बच्चों के नाले में गिरने का डर भी रहता है। वहीं मवेशियों के गिरने की भी आशंका रहती है। लेकिन प्राधिकारण कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## अवैध भवनों पर लागू नहीं होगी पुनर्विकास की नीति

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में पुराने मकानों को तोड़कर बनाने की पुनर्विकास नीति को अमली जामा पहनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस नीति के तहत अवैध रूप से बने मकानों में यह नीति लागू नहीं होगी। बेशक वे जर्जर या 30 वर्ष पुराने क्यों न हों। किसी हादसे के होने पर इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की नहीं होगी।

शहर में जर्जर हो चुकी हाइराइज और लो राइज इमारतो को दोबारा से भव्य रूप दिया जाएगा। नोएडा में 30 साल पुरानी इमारतों में रहने वाले नोएडा वासियों को फायदा होगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने पुर्नविकास नीति लागू की है। इस नीति को नोएडा की बोर्ड ने अनुमोदन दे दिया है। अब प्राधिकरण का प्लानिंग सेक्शन इस पर काम कर रहा है। इसे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में लागू पुर्नविकास नीति के तहत बनाया जाएगा।

मध्यप्रदेश में पुर्नविकास नीति के तहत शहरी क्षेत्र में जर्जर इमारतों का पुर्नविकास पीपीपी मॉडल पर या सार्वजनिक प्राधिकरण या निजी डेवलर द्वारा कराया जाता है। इस नीति में साफ है कि अवैध निर्माण और किराए पर रह




रहे आवंटियों के लिए लागू नहीं होगा। छत्तीसग ? और मध्यप्रदेश व नोएडा प्राधिकरण के पुर्नविकास नीति का मॉडल मिलते जुलते है। ऐसे में प्रजेंटेशन के बाद तय हो जाएगा कि इसमें और क्या संशोधन या लोगों को राहत दी जा सकती है।

प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि नोएडा की स्थापना उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम-1976 की धारा-3 के तहत किया गया। यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण साल 1981 से शुरू हुआ। यहां लीज पर बिल्डरों को जमीन आवंटित की गई। यहां अपार्टमेंट बने जिसे सबलीज के जरिए बायर्स को दिया गया। इसके अलावा प्राधिकरण ने भी कम आय वर्ग के लिए लो राइज ग्रुप हाउसिंग बनाए। जिसे भी लीज पर पात्र लोगों को बेचा गया। ऐसे जर्जर हो रहे भवन अत्यधिक बारिश और लो इंटेसेंटी के भूकंप से प्रभावित हो सकते है।

इन्ही इमारतों को गिराकर लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार कर दोबारा से भव्य रूप में बनाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण रि डेवलपमेंट पॉलिसी लेकर आया है। बता दे इससे नोएडा में 100 ग्रुप हाउसिंग और 500 लो राइज सोसायटियों का उद्धार होगा। इनमें रहने वाले लोगों को काफी लाभ हो सकता है। इमारतों को भव्य रूप देते समय भविष्य में इनका फ्लोर एरिया रेसियों (एफएआर) भी बढ़ेगा।

## डिजिटल भुगतान

हालांकि, भारत पूरी दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करेंसी की मौजूदगी बनी हुई है। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

# सस्ते कर्ज से बढ़ेगी आर्थिक रफ्तार



इन दिनों भारत के विकास से संबंधित प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि अब भारत में सस्ते कर्ज से आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। अब रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमतापूर्ण समीकरण स्थापित किया है। इससे बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक उपायों के बाद शेयर बाजार में उछाल आया है। इस समय आरबीआई के द्वारा ब्याज दर घटाने के कई महत्वपूर्ण आधार हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा महंगाई अप्रैल 2025 में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। मई में खुदरा महंगाई दर सिर्फ 2.82 प्रतिशत रही। मई 2025 की खाद्य महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम है।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत इस साल जून में 27.1 रुपए रही, जो पिछले साल जून में 29.4 रुपए की थी। हालांकि, इस साल मई के 26.2 रुपए की तुलना में यह महंगी हो गई है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आने से घर में बन रही शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत जून में सालाना आधार पर घट गई है। इसी तरह, मांसाहारी थाली इस साल जून में 54.8 रुपए की रही, जो पिछले साल इसी महीने में 58 रुपए की थी। हालांकि, यह भी मई के 52.6 रुपए की तुलना में महंगी हो गई है। टमाटर एक साल में 42 रुपए से 24 फीसदी गिरकर 32 रुपए किलो हो गया है, लेकिन मासिक आधार पर 36 फीसदी महंगा है, क्योंकि आवक में आठ फीसदी की भारी कमी आई है। यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी ब्याज दर में कमी का कारण है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कृषि उत्पादन का जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, इस अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इसके साथ ही गेहूं, धान, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन, धान का उत्पादन 14.90 करोड़ टन, मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन, मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन, दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन, तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन, मूंगफली का उत्पादन 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का उत्पादन 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग ने इस साल 2025 में देश में मॉनसून के दौरान औसत से 5 फीसदी अधिक वर्षा के अनुमान प्रस्तुत किए हैं और मानसून ने समय पूर्व दस्तक भी दे दी है। ऐसे में सस्ते कर्ज के बीच अच्छी फसल और अच्छे मानसून से सरकार को महंगाई नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-2026 में खुदरा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

निश्चित रूप से नए मौद्रिक उपायों से न सिर्फ नकदी में सुधार होगा, बल्कि बैंकों को फंड की लागत घटाने में भी मदद मिलेगी। सीआरआर में कटौती से दिसंबर 2025 तक बैंकिंग व्यवस्था में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए की प्राथमिक नकदी आएगी। ऐतिहासिक रूप से सामान्य समय में सीआरआर 4 प्रतिशत के सामान्य स्तर पर रखा जाता है। अत्यधिक आवश्यक होने पर कोविड-19 महामारी के दौरान सीआरआर घटाकर 3 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया था। ब्याज दर घटने से उद्योग-कारोबार के लिए विकास के मौकों के साथ आम आदमी को सस्ते कर्ज के लाभ होंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। खास तौर से हाल ही में मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल एस्टेट उद्योग की मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देगें। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ब्याज दर घटने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ़ने में भी मदद मिलेगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 जीडीपी में उम्मीद से कम 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। अब चालू वित्त वर्ष में सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने वाला सकारात्मक संदेश है। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। सस्ते कर्ज से कई और लाभ मिल सकते हैं। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद है। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश बढ़ेंगे। इस वर्ष ब्रिटेन के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ होने वाले मुक्त व्यापार समझौतों के मद्देनजर देश के उद्योग-कारोबार क्षेत्र को सस्ते कर्ज से विकास के मौके बढ़ेंगे। खास तौर से ब्याज दर घटने से विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ऐसे में सस्ते कर्ज के आधार पर भारत चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी विकास दर को प्राप्त करने वाले देश के रूप में एक बार फिर दुनिया में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इतना ही नहीं, ब्याज दर घटने से इसी वर्ष 2025 तक भारत की आर्थिकी के चौथी बड़ी आर्थिकी बनने की पूर्ण संभावनाएं साकार होते हुए दिखाई देंगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2028 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा।

इस रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगी और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी। उम्मीद करें कि पिछले दिनों रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती किए जाने के अहम फैसले के बाद रिजर्व बैंक और सरकार यह ध्यान रखेंगी कि बैंकों के द्वारा रेपो रेट में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को मिले। खासतौर से कर्ज के लाभ छोटे और मझौले उद्योगों सहित विभिन्न वर्गों तक पहुंचें। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकें। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहे। उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक नीति संबंधी फैसलों से उद्योग-कारोबार की गति बढ़ेगी, ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा। साथ ही वैश्विक व्यापार अनिश्चितता व ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था रफ्तार से आगे बढ़ेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि देवताओं को यही सिखाकर कि वानरों का शरीर धर-धरकर तुम लोग पृथ्वी पर जाकर भगवान के चरणों की सेवा करो, ब्रह्माजी अपने लोक को चले गए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**गए देव सब निज निज धामा। भूमि सहित मन कहुँ बिश्रामा॥**
**जो कछु आयसु ब्रह्माँ दीन्हा। हरषे देव बिलंब न कीन्हा॥**

सब देवता अपने-अपने लोक को गए। पृथ्वी सहित सबके मन को शांति मिली। ब्रह्माजी ने जो कुछ आज्ञा दी, उससे देवता बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने (वैसा करने में) देर नहीं की॥

**बनचर देह धरी छिति माहीं। अतुलित बल प्रताप तिन्ह पाहीं॥**
**गिरि तरु नख आयुध सब बीरा। हरि मारग चितवहिं मतिधीरा॥**

पृथ्वी पर उन्होंने वानरदेह धारण की। उनमें अपार बल और प्रताप था। सभी शूरवीर थे, पर्वत, वृक्ष और नख ही उनके शस्त्र थे। वे धीर बुद्धि वाले (वानर रूप देवता) भगवान के आने की राह देखने लगे॥

**राजा दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ, रानियों का गर्भवती होना**

**गिरि कानन जहँ तहँ भरि पूरी। रहे निज निज अनीक रचि रूरी॥**
**यह सब रुचिर चरित मैं भाषा। अब सो सुनहु जो बीचहिं राखा॥**

वे (वानर) पर्वतों और जंगलों में जहाँ-तहाँ अपनी-अपनी सुंदर सेना बनाकर भरपूर छा गए। यह सब सुंदर चरित्र मैंने कहा। अब वह चरित्र सुनो जिसे बीच ही में छोड़ दिया था॥

**(क्रमशः... )**


## देश और समाज के लिए तन, मन, धन समर्पित करने की मिसाल हैं सी. सदानंदन मास्टर

केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है।

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भारतीय जनता पार्टी के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। इन चार नामों में से आपके लिए सी. सदानंदन मास्टर का नाम भले जाना-पहचाना नहीं हो लेकिन उनके सामाजिक कार्य उनकी पहचान हैं। साथ ही उनका जीवन अन्याय के आगे नहीं झुकने की भावना का प्रतीक भी है। वामपंथी हिंसा और धमकी के आगे नहीं झुक कर राष्ट्र के विकास के प्रति अपने जज्बे को बरकरार रखने वाले सी. सदानंदन मास्टर पूरे देश के लिए बड़ी प्रेरणा हैं।

हम आपको बता दें कि केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। वे केवल एक शिक्षक नहीं हैं, बल्कि जीवनपर्यंत एक ऐसे संगठक, विचारक और मार्गदर्शक रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ङ्खस्स्) और उससे जुड़े संगठनों के माध्यम से केरल में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूती दी। उनका जीवन संघर्ष, तपस्या और आदर्शों के लिए समर्पित था, और आज भी वे केरल के राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

सी. सदानंदन मास्टर का जन्म केरल के कन्नूर जिले के एक साधारण परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही वे अत्यंत संयमी, मेहनती और अनुशासनप्रिय थे। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि प्रारंभ से ही गहरी थी। उन्होंने शिक्षक के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की और बहुत जल्द गांव-समाज में एक आदर्श गुरु के रूप में प्रसिद्ध हो गए। सदानंदन मास्टर का जीवन तब मोड़ लेता है, जब वे युवावस्था में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आते हैं। संघ के %एकात्म मानववाद%, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीयता के विचार ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। शिक्षक के दायित्व के साथ-साथ वे धीरे-धीरे संगठनात्मक कार्यों में भी सक्रिय हो गए। उनका घर और स्कूल ही संघ की गतिविधियों का केंद्र बन गया था। वे विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा को प्राथमिकता देते थे।



हम आपको बता दें कि केरल के कन्नूर और आसपास के क्षेत्र वामपंथी राजनीतिक हिंसा के लिए कुख्यात रहे हैं। 1994 में सी. सदानंदन मास्टर पर एक क्रूर और अमानवीय हमला हुआ। मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े हिंसक कार्यकर्ताओं ने उनके दोनों पैर काट डाले थे। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा, शिक्षा और संगठन के प्रति समर्पण पर हमला था। लेकिन सदानंदन मास्टर ने इस हिंसा के आगे कभी घुटने नहीं टेके। उन्होंने उस घटना को अपने जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत माना। उन्होंने स्वयं कहा था कि मेरे पैर काट दिए, लेकिन मेरे विचार और हौसले कोई नहीं काट सकता।

हम आपको बता दें कि इस घटना के बाद वे पूरे केरल और देशभर में %साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक% के रूप में पहचाने जाने लगे। वे पूरी ताकत के साथ संगठन के कार्यों में जुट गए थे। उन्होंने शारीरिक अपंगता को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने हजारों युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलाया। वामपंथी हिंसा से त्रस्त केरल के लोगों में उनके प्रति विशेष सम्मान और श्रद्धा पैदा हुई। वे अनेक युवाओं के लिए जीते-जागते आदर्श बन गए कि किस तरह विचार और ध्येय के लिए तन, मन, जीवन सब कुछ समर्पित किया जाता है।

हम आपको बता दें कि सदानंदन मास्टर ने संघ और उससे जुड़े संगठनों में संगठनकर्ता, प्रेरक वक्ता और मार्गदर्शक के रूप में वर्षों तक कार्य किया। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ङ्क्कङ्क), सेवा भारती, विद्या भारती और भाजपा में सक्रिय रहे हैं। वे सदैव युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं कि शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए होनी चाहिए। उनकी वाणी में इतना प्रेरक तेज और सच्चाई होती है कि श्रोता स्वतः उनके विचारों से जुड़ जाते हैं। सदानंदन मास्टर सादगी, संयम और अनुशासन के प्रतीक हैं। उन्होंने कभी पद, प्रतिष्ठा या प्रचार नहीं चाहा। वे हमेशा संघ और समाज के अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता की तरह कार्यरत रहते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व नारे या भाषणों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और संघर्ष से पैदा होता है। आज केरल में जो हजारों, लाखों युवा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ खड़े हैं, समाज सेवा और संगठन में लगे हैं, उसके पीछे सदानंदन मास्टर जैसे व्यक्तित्वों की दशकों की तपस्या और प्रेरणा है। वे एक जीवित उदाहरण बनकर यह साबित कर पाने में सफल रहे हैं कि हिंसा से विचार नहीं मारे जा सकते।

बहरहाल, सी. सदानंदन मास्टर का जीवन केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि विचार, साहस और सेवा के आदर्शों की जीवंत गाथा है। उनके दोनों पैर काटे गए, लेकिन उनके विचार केरल में हजारों लोगों के जरिए समाज निर्माण में लगे हैं। अब तो वह राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हो गये हैं और निश्चित ही देश को उनके विचारों और अनुभवों का लाभ मिलेगा। सी. सदानंदन मास्टर का जीवन यह भी संदेश देता है कि शरीर को तोड़ना आसान है, लेकिन विचार और आत्मबल को कोई नहीं झुका सकता। सी. सदानंदन मास्टर केरल ही नहीं, पूरे भारत में साहस, राष्ट्रभक्ति और संगठन के प्रतीक के रूप में देखे जाते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि सी. सदानंदन मास्टर केरल के कन्नूर ज़िले में 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ चुके थे।

**-नीरज कुमार दुबे**
**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, पंचमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन परेशान रहेगा। विभ्रामक समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में कष्ट संभव है। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
यात्रा से बचें। धर्म-कर्म में अतिवादी न बनें। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बहुत बच के पार करें। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी में कोई रिस्क न लें। रिस्क बना हुआ है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्य विघ्न, बाधा के साथ संपन्नता की तरफ बढ़ेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
अवसाद की स्थिति है। मानसिक परेशानी बनी रहेगी। बच्चों को लेकर के, जो लोग प्रेम में हैं, प्रेम को लेकर के, विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
गृह कलह के बड़े संकेत हैं। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित, प्रेम, संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
व्यावसायिक उथल-पुथल बना रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। जुबान पर काबू रखें। गंदी भाषा के प्रयोग से बचें और निवेश से बचें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मन घबराहट, बेचैनी में बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार की स्थिति अच्छी रहेगी

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है। व्यापार भी मध्यम है।

# पंचायत व विस. चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन करेंगे मजबूत : दीपक भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक दनकौर के ग्राम घंघौला में तथा ब्लॉक जेवर के नीमका गाँव में संगठन सृजन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा दोनों स्थानों पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालयों का उद्घाटन भी किया गया।




संगठन समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार 100 दिन का संगठन सृजन अभियान चलाकर जिला, ब्लॉक, नगर, मंडल, न्याय पंचायत तथा बूथ स्तर पर कमेटियाँ बनाकर संगठन को मजबूत करना है तथा आसन्न 2026 के पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी पुख्ता करनी है।

जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दिन इस अभियान के 100 दिन पूरे होंगे और अभी तक जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला, ब्लॉक, नगर कमेटियों का गठन कर लिया गया है। आज दनकौर ब्लॉक और जेवर ब्लॉक के संगठन की समीक्षा के साथ ही आगामी संगठन सृजन के लिए लक्ष्य तय किए जाएंगे, जिन्हें 15 अगस्त तक पूरा करना है।

घंघौला गांव में ब्लॉक दनकौर कार्यालय पर सम्पन्न कार्यक्रम में दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष अनित भाटी और नीमका गांव में सम्पन्न कार्यक्रम में जेवर ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार सतपाल सिंह द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथियों व कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

जिला समन्वयक आलोक गौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लॉक कांग्रेस हमारे संगठन का बुनियादी ढांचा है। इसका मजबूत होना और पंचायत स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में शामिल रहना, जनसमस्याओं की पहचान कर उचित स्तर पर उन्हें उठाना महत्त्वपूर्ण जनहित का राजनीतिक कार्य है। ब्लॉक संगठन जितना मजबूत होगा, बूथ पर उतना ही मजबूत चुनावी संघर्ष होगा। जिले के ब्लॉकों में नए कार्यकर्ताओं को ब्लॉक अध्यक्ष बनाकर नेतृत्व करने का मौका दिया गया है।

जिला समन्वयक जोगेश नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि गौतमबुद्ध नगर कांग्रेस बेहद मजबूती से संगठन सृजन की अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने में जुटी है। निश्चित ही एक मजबूत जिला-ब्लॉक संगठन की नींव डाली जा चुकी है।

इस दौरान ग्राम घंघौला में दनकौर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय एवं ग्राम नीमका में जेवर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन जिला समन्वयक आलोक गौड़ और जोगेश नेहरा द्वारा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष व समस्त वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में किया गया। दोनों ब्लॉक कार्यक्रमों का संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।

दनकौर और जेवर ब्लॉक क्षेत्रों में अलग-अलग सम्पन्न हुए दोनों ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में समन्वयक आलोक गौड़, जोगेश नेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर सूबेदार सतपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर अनित भाटी, संगठन प्रभारी मुकेश शर्मा, आलोक गौड़, जोगेश नेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर सूबेदार सतपाल सिंह, दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष अनित भाटी, मुकेश शर्मा, आनंद शर्मा, महाराज सिंह, धर्म सिंह, डॉ0 रघुराज शर्मा, श्याम प्रधान, बच्ची प्रधान, राजकुमार शर्मा, मोहम्मद तकी, आसिफ, सतवीर भाटी, मोहित भाटी, फिरे नंबरदार, रीमा नैयर, हरेंद्र सिंह, धीरा सिंह, सुबोध भट्ट, सचिन जीनवाल, राजू राव, गणेश मीणा, अमित भाटी, राजीव सिंह, रोशन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा के सातो मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा मंडल, दादरी नगर मंडल, जेवर मंडल, रबूपुरा मंडल, जारचा मंडल, बादलपुर मंडल व कासना मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा पश्चिम क्षेत्र और जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार घोषित की गई।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने मंडल कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन को सफल बनाने के लिए पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

2027 में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए सभी पार्टी संगठन के अभियानों में लगकर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए जनता के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मंडल अध्यक्ष दिनेश भाटी, अर्पित तिवारी, गजेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, राजीव सिंघल, महेंद्र सिंह नागर, धीर सिंह राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव-गांव पहुंचेगा शिक्षकों का जनसंपर्क अभियान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष के आह्वान पर 15 जुलाई से तीन दिवसीय जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान 15, 16 और 17 जुलाई 2025 को उन ग्रामों में चलाया जाएगा, जहां प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज किया गया है।

अभियान का उद्देश्य इन विद्यालयों के समापन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर अभिभावकों, ग्राम प्रधानों, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीण जनों से सीधे संवाद स्थापित करना है। संघ का मानना है कि विद्यालयों का बंद होना केवल एक इमारत का बंद होना नहीं है, बल्कि यह गांव के भविष्य—अर्थात बच्चों की शिक्षा—पर गहरा आघात है। गांव में विद्यालय रहेगा, तभी बच्चों का भविष्य संवर सकेगा। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और विद्यालयों के पुनर्जीवन के लिए जनमत तैयार करेंगे।

इस अभियान के तहत शिक्षा बचाओ-गांव बचाओ का नारा देते हुए सभी ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे आगे आएं और अपने गांव के विद्यालयों को फिर से जीवित करने का संकल्प लें।

जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि यह आंदोलन शिक्षा के अधिकार और ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। उन्होंने कहा, यह केवल एक शिक्षक संगठन की नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। शिक्षा से ही गांवों का विकास संभव है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया पौधारोपण




**भदोही।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कल एक पेड़ मां के नाम लगाकर राष्ट्र को समर्पित करते हुए जनपद को हरा-भरा, शुद्ध वातावरण एवं ऑक्सीजन प्रदान किया। इसी क्रम में ग्राम सभा नगूवा, विधानसभा तिलेश्वर नाथ महादेव सेवा न्याय नगूवा के प्रांगण में श्रावण मास के प्रथम दिन, सोमवार को मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में पेड़ लगाकर मंदिर के शुद्ध वातावरण के लिए एक कदम आगे बढ़कर प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर एसपी शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी, वन विभाग के आलोक रंजन जी, वरिष्ठ समाजसेवी बंशीधर उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय, युवा नेता मनीष पांडेय, ग्राम प्रधान राजित राम यादव, शिवम तिवारी जी तथा सम्मानित मंदिर प्रांगण में आम जनता एवं जनमानस मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लगाया सोसाइटी पर 48 हजार रुपए का जुर्माना



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कूड़े का उचित प्रबंध न करने वाले बल्क वेस्ट जेनरेटरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह ने बताया कि विभाग की टीम ने सोमवार को सेक्टर पाई-2 स्थित गृहलक्ष्मी सोसाइटी पर 48,800 का जुर्माना लगाया है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 रूल के अनुसार कूड़े को प्रोसेस न करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में जमा करने के निर्देश दिए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से कूड़े का उचित प्रबंधन करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ शहर बनाने में सहयोग की अपील की है।

# रबूपुरा में महापंचायत को लेकर किसान गोष्ठी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आगामी 30 जुलाई को गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने स्थित अंडरपास के नीचे दनकौर में प्रस्तावित किसान-मज़दूर महापंचायत की तैयारियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में जनजागरण अभियान तेज़ हो गया है। इसी कड़ी में रबूपुरा स्थित पं. देवीशरण शर्मा फार्म हाउस पर एक किसान गोष्ठी एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और मज़दूर शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगों ने महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गौतमबुद्ध नगर के किसानों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा और 30 जुलाई की महापंचायत को सफल बनाने के लिए वे बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा, संघर्ष से ही समाधान निकलता है। किसान आंदोलन की विरासत को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाकियू का एक-एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहा है।

# 10 दिन में ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-3 और पतवाड़ी गांव के पास बने ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया। दोनों जगह की ग्रीन बेल्ट में पूर्व से चल रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए 10 दिन की मोहलत दी है। इसके बाद प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम खुद इसे हटा देगी।

उन्होंने ग्रीन बेल्ट का रखरखाव और बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डीजीएम उद्यान एसके जैन और वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र भी मौजूद रहे। बता दें, कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ओएसडी गुंजा सिंह ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाकर रखरखाव और बेहतर करने के लिए प्रयासरत हैं।



कैलाश मान सरोवर यात्रा के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अमरेश श्रीवास्तव अपनी धर्म पत्नी के साथ राजस ताल का दर्शन करते हुए।

# सुनील पंडित (तुगलपुरिया) को बनाया मंडल उपाध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील पंडित तुगलपुरिया को कल भारतीय जनता पार्टी ग्रेटर नोएडा मंडल में उपाध्यक्ष बनाया गया है। कल पार्टी द्वारा घोषित की गई सूची में सुनील शर्मा तुगलपुरिया को यह महत्वपूर्ण पद दिया गया है।

बताते चलें कि सुनील शर्मा (तुगलपुरिया) काफी समय से भारतीय जनता पार्टी में काम कर रहे हैं और उनकी कर्मठता एवं ईमानदारी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मंडल उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है।

नई जिम्मेदारी मिलने पर सुनील शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, उस पर मैं खरा उतरूंगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो समस्त समाज को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

## पृष्ठ एक के शेष....

### आत्मनिर्भर युवा...

सीएम योगी का सपना है कि युवा कैसे कुशल हो? नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला भी बने। युवाओं के बिना 10 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाना संभव नहीं है।

आईटीआई को पहले तबेले में तब्दील कर दिया था। ट्रेनिंग नहीं होती थी। सीएम के नेतृत्व में सुधार किया गया। 60 आईटीआई को बेहतर किया गया। टाटा के सहयोग से आठ हजार करोड़ लगाकर 212 आईटीआई को अपग्रेड कर रहे हैं। अत्याधुनिक क्षेत्र में प्रशिक्षण दे रहे हैं। युवाओं को ट्रेनिंग देकर इंडस्ट्री में भी भेज रहे हैं।

भवनों को बेहतर किया गया है। प्रदेश के किसी भी आईटीआई में नई तकनीकी के साथ काम करते हुए मिलेंगे। पांच जिले में टाटा के सहयोग से इनक्यूबेशन सेंटर बनने हैं। इसमें एक मुजफ्फरनगर में भी है। आईटीओटी में आधा दर्जन नए ट्रेड में प्रशिक्षण दे रहे हैं। सीएम स्वरोजगार योजना में पांच लाख तक का ऋण दे रहे हैं। 600 इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट प्रवीण चल रहा है। आईटीआई करने वाले युवा प्रशिक्षण के बाद बेरोजगार नहीं रहेंगे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्स्स्स्थ मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री मन्नू कोरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कांवड़ रूट पर नेम प्लेट...

बताना होगा कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं। 22 जुलाई को पारित अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'हम इन निर्देशों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए एक अंतरिम आदेश पारित करना उचित समझते हैं। दूसरे शब्दों में, खाद्य विक्रेताओं (ढाबा मालिकों, रेस्टोरेंट, खाद्य और सब्जी विक्रेताओं, फेरीवालों आदि सहित) को यह प्रदर्शित करना आवश्यक हो सकता है कि वे कांवड़ियों को किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने-अपने प्रतिष्ठानों के मालिकों और कर्मचारियों का नाम-पहचान प्रदर्शित करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए।'

यूपी सरकार के नए आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और कार्यकर्ता आकार पटेल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के पिछले साल के आदेश का उल्लंघन है, क्योंकि इसका उद्देश्य वही भेदभावपूर्ण प्रोफाइलिंग हासिल करना है जिसे कोर्ट ने रोक दिया था।

### नोएडा प्राधिकरण में सीएलए...

से कानूनी जामा पहनाने को तैयार नहीं होते।संभवतः इन्हीं कारणों से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सी एल ए बनाने पर विचार किया जा रहा है।इसकी भनक लगते ही जनपद में तैनात रहे एक जिला जज स्तरीय न्यायिक अधिकारी समेत कई न्यायिक अधिकारियों ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। इनमें से किसे यह जिम्मेदारी मिलेगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल आवेदकों की जोर आजमाइश जारी है।

# मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में लगी गोली



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कचहरी से मोजर बीयर गोलचक्कर की तरफ आने वाली सर्विस रोड़ पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए मोजर बीयर गोलचक्कर के सर्विस रोड़ पर बने रेलवे पुल के नीचे से होते हुए जंगल की तरफ भागने लगे।

पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। घायल बदमाशों की पहचान मोनू पुत्र तुलसी उर्फ श्रीपाल निवासी ग्राम मोधा ऊंचीबस्ती, थाना काकादेव, जिला कानपुर नगर (करीब 24 वर्ष), राजेन्द्र उर्फ लल्लू पुत्र राधेश्याम निवासी दुशीयार टोला, थाना पटेरवा, जनपद गौरखपुर वर्तमान निवासी आई-62 कम्पनी के सामने झुग्गी झोपड़ी, साईट-5, कासना, गौतमबुद्धनगर (करीब 26 वर्ष), कमेलश मिश्रा पुत्र नागेन्द्र मिश्रा निवासी कौस?, थाना रघुनाथपुर, जिला सिवान, बिहार वर्तमान पता सिरसा खानपुर, थाना कासना, गौतमबुद्धनगर (करीब 21 वर्ष) के रुप में हुई है।

बदमाशों के कब्जे से 3 अवैध तमंचे 315 बोर मय 3 खोखा कारतूस व 3 जिंदा कारतूस, चोरी के 13,500 रूपये नगद (थाना ईकोटेक-3 व थाना सूरजपुर क्षेत्र में घटित चार घटनाओं से संबंधित) व 1 मोटरसाइकिल यामाहा आर-15 बिना नंबर प्लेट के बरामद हुई है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में जानकारी की जा रही हैं। तीनों बदमाशों पर 3 दर्जन से जयादा मुकदमें विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं।

# मंडी श्यामनगर के निवासियों को जलभराव से मिली राहत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत बिलासपुर के पास स्थित मंडी श्यामनगर के निवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बारिश के पानी के निकासी के लिए मंडी श्यामनगर के पास रोड के दोनों तरफ कच्चा नाला खुदवा दिया है, जिससे बारिश का पानी आसानी से निकल जाता है। दरअसल, मंडी श्यामनगर के निवासियों ने जलभराव की समस्या की शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से की थी। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ सुमित यादव ने मौके का मुआयना कर परियोजना विभाग को समस्या का शीघ्र हल निकालने के निर्देश दिए। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ मौका मुआयना कर नाला खुदवाने का कार्य तत्काल शुरू करा दिया। मंडी श्यामनगर से बरसाती नाले तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी में रोड के एक तरफ कच्चा नाला बन जाने से बारिश का पानी आसानी से निकल जाता है। इससे मंडी श्यामनगर के निवासियों और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिल गई है।



**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

### चोरों ने किया एटीएम लूटने का प्रयास

रेवाड़ी। रेवाड़ी के बावल कस्बे में सोमवार सुबह लोगों में हड़कंप मच गया जब पता चला की चोरों ने बीती रात एटीएम में कैश चोरी का प्रयास किया। चोर गैस कटर लेकर पहुंचे, लेकिन मशीन से पैसा निकालने में नाकाम रहे। मशीन में आग लग गई। ानकारी के अनुसार पुरानी तहसील के सामने मुख्य बाजार में स्थित एटीएम बूथ में चोरों ने पहले बूथ के शटर का लॉक गैस कटर से काटा उसके बाद अंदर घुसकर कैमरों पर स्प्रे कर दिया, ताकि कोई फुटेज न बन सके। इसके बाद उन्होंने मशीन को काटने की कोशिश की लेकिन मशीन से कैश नहीं निकाल पाए। सोमवार को जब लोगों ने शटर टूटा देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और एटीएम कंपनी के अधिकारियों को बुला लिया गया है। बावल शहर के मुख्य बाजार में हुई घटना को लेकर व्यापारियों में रोष है। बीच बाजार घटना के कारण अब व्यापारी डरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले भी बावल शहर में कई दुकानों के ताले टूटे थे। जिसके बाद बावल बाजार बंद का निर्णय लिया गया तो पुलिस ने चोरी के आरोपियों को पकड़ा था। बावल डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने कहा कि उनकी टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं। पूरा प्रयास है कि बहुत जल्दी आरोपियों को पकड़ कर पूरी वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

### बारिश का अलर्ट, देहरादून, रुद्रप्रयाग सहित पांच जिलों में तीव्र वर्षा की चेतावनी

देहरादून। प्रदेश में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल और बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर बना रहेगा। इन पांच जिलों में आज भारी वर्षा की संभावना है, वहीं अन्य जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व मध्यम से हल्की बारिश की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य के पवातीय जनपदो में कहीं-कहीं झोके दार हवाएं (30-40 किमी/घंटा) चलने की संभावना है।

### 30 सितंबर तक चलेगा मध्यस्थता : राष्ट्र के लिए अभियान

हमीरपुर। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे ह्यमध्यस्थता : राष्ट्र के लिएह्न अभियान के तहत जिला हमीरपुर में भी कई केसों का निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर की सभी अदालतों में चलाए जा रहे इस 90 दिवसीय अभियान के दौरान मध्यस्थता और आपसी सहमति के साथ केसों का निपटारा किया जा रहा है।

# शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज

- अमरनाथ तीर्थयात्रियों की दुर्गम यात्रा जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। काशी, हरिद्वार और उज्जैन से लेकर सारे देश में सावन के पहले सोमवार की धूम है। लोग सुबह से पवित्र जलधाराओं में स्नान और डुबकी लगाकर देवों के देव महादेव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किए। शिवालयों और अन्य मंदिरों में शिव दर्शन के लिए कतार लगी। चहुं दिशाओं में हर-हर महादेव की गूंज हो रही है। भगीरथ की तपस्या से धरती पर उतरीं मां गंगा नदी के तटीय शहरों, कस्बों और गांवों के पवित्र घाटों में तड़के तीन-चार बजे से लोग डुबकी लगाकर भगवान शंकर को जल चढ़ाये गये। इस बीच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की दुर्गम यात्रा जारी है। दक्षिण के राज्य



तमिलनाडु के मदुरै के थिरुपरनकुन्द्रम में सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में कुंभभिषेकम का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में तिल रखने की जगह शेष नहीं है। लोग धैर्य पूर्वक जलाभिषेक के लिए आगे बढ़ रहे हैं। सारे देश के शिवालयों में लगभग ऐसा ही दृश्य है। उत्तराखंड के हरिद्वार में मां गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। यहां के दक्षेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। सबसे पहले बाबा को जल से स्नान कराया गया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद और फलों से पंचामृत अभिषेक किया गया। फिर बाबा की भस्म आरती की गई। इस दौरान मंदिर वैदिक मंत्रोच्चार, शंख, घंटियों और भजनों की ध्वनि से गूंज उठा।

### महाकाल की शरण में सात दिन में पहुंचे 11 लाख से अधिक श्रद्धालु



उज्जैन। देश के 12 ज्योतिलिंगों में से एक विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सात दिन में 11 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। इस अवधि में सुबह छह बजे से रात्रि पट बंद होने तक कुल 11,06,270 भक्तों ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। साथ ही लगभग 26,996 भक्तों ने भस्म आरती के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि आज श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर 4,498 श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर भगवान की भस्म आरती में दर्शन किये।

## दिल्ली के तीन स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

- पुलिस ने की स्कूल परिसरों की जांच, नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध
- स्कूल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के कम से कम तीन स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने के ईमेल मिले, जिसके बाद स्कूल परिसरों की गहन तलाशी ली गई। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित सीआरपीएफ विद्यालयों और चाणक्यपुरी स्थित एक अन्य स्कूल से बम की धमकी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) ने बताया कि सोमवार सुबह द्वारका उत्तर थाने को सूचना मिली जिसमें सीआरपीएफ स्कूल में बम की धमकी की सूचना दी गई। पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता जांच की। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि स्कूल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

# निपाह वायरसः केरल में मची खलबली

- कॉन्टैक्ट लिस्ट ने उड़ाए होश
- पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर, वायनाड और त्रिशूर ज़िलों के अस्पतालों को विशेष अलर्ट किया गया



एजेंसी

तिरुवनंतपुर। केरल में निपाह वायरस से संक्रमित एक शख्स की मौत से खलबली मच गई है। हरकत में आया स्टेट हेल्थ डिपार्टमेंट कई तरह के कदम उठा रहा है। सबसे पहले मृतक संक्रमित शख्स के संपर्क में आए लोगों की तलाश की जा रही है, ताकि उनकी पहचान कर उनका मेडिकल टेस्ट किया जा सके। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। 46 लोगों की कॉन्टैक्ट लिस्ट तैयार की गई है। हालात को देखते हुए स्टेट हेल्थ डिपार्टमेंट ने प्रदेश के 6 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। केरल की मंत्री वीणा जॉर्ज ने बताया कि मृतक के संपर्क में आए 46 लोगों की सूची तैयार की गई है। इनमें से कई लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज और अन्य स्रोतों से की गई है। उनके मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए एक विस्तृत रूट मैप और फैमिली ट्री भी तैयार किया गया है। वहीं, मलप्पुरम जिले में निपाह के कारण 10 लोग उपचाराधीन हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। वहीं, अब तक जिले में 62 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है। पलक्कड़ में एक व्यक्ति को आइसोलेशन में रखा गया है। मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि पलक्कड़ ज़िले में निपाह का दूसरा मामला सामने आने के बाद 6 ज़िलों के अस्पतालों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर, वायनाड और त्रिशूर ज़िलों के अस्पतालों को विशेष अलर्ट जारी किया गया है। निपाह के लक्षणों वाले बुखार या इंसेफेलाइटिस के किसी भी मामले की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट ने 543 लोगों की लिस्ट तैयार की है, जो निपाह से संक्रमित लोगों के संपर्क में आए थे।जानकारी के अनुसार, केरल के पलक्कड़ जिले में निपाह वायरस से एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मौत ने राज्य में स्वास्थ्य चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक व्यक्ति का सैंपल मंजेरी मेडिकल कॉलेज में लिए गए परीक्षण में पॉजिटिव पाया गया था।

## भाजपा देश के अल्पसंख्यक युवा प्रतिभा को देगी डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड २.0

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा 27 जुलाई को भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 10 पुण्यतिथि पर देशभर में अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा कलाम को सलाम अभियान के तहत ऐसे अल्पसंख्यक युवाओं को ₹डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0₹ प्रदान करेगा, जिन्होंने अपने नवाचार, असाधारण कौशल और उद्यमशीलता की भावना से स्वयं का उद्यम प्रारम्भ कर समाज में प्रेरक उदहारण प्रस्तुत किया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने सोमवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देश के विकास में डॉ. कलाम के योगदान को सलाम करना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना है। भाजपा उन सबको महत्व देती है जिन्होंने धर्म और जाति से ऊपर उठ कर राष्ट्र को मजबूत करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक युवा प्रतिभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अलग पहचान देंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा की वेबसाइट पर उपलब्ध वेबपेज के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के युवा उद्यमी डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 के लिए आवेदन कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मोर्चा की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वेबपेज लिंक एवं क्यूआर कोड को भी साझा किया जाएगा। इससे प्रतिभागी सीधे वेबसाइट पर या क्यूआर कोड स्कैन कर अपना आवेदन कर सकते हैं।

## लाहौर से कराची जाने वाले यात्री को विमान से भेज दिया गया जेद्दा

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान के हवाई यात्रा के इतिहास में ग्राउंड स्टाफ की गंभीर गलती का खामियाजा एक यात्री को भुगतना पड़ा। लाहौर से कराची जाने वाले इस यात्री को एयरसियाल की उड़ान से जेद्दा भेज दिया। इस विमान यात्री को इस वजह से लगभग 15 घंटे तक परेशान होना पड़ा। पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार कोरंगी निवासी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मलिक शाहजैन सात जुलाई की रात बच्चे की तबियत खराब होने की सूचना मिलने पर कराची जाने के लिए लाहौर हवाई अड्डा पहुंचे। शाहजैन का कहना है कि वह रात करीब नौ बजे कराची जाने वाली उड़ान के लिए बोर्डिंग पास लेकर एयरलाइन स्टाफ के पास पहुंचे। टर्मिनल पर एयरसियाल के दो विमान खड़े थे। इनमें एक को कराची और दूसरे को जेद्दा जाना था। दोनों को रात 10 बजे उड़ान भरनी थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपना बोर्डिंग पास एयरलाइन स्टाफ सौंप दिया। इसके बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान द्वार की ओर निर्देशित किया गया। मुझे बिना बताए खिड़की वाली सीट 17 एफ पर बैठा दिया गया। उड़ान के दो घंटे बाद मैंने फ्लाइट अटेंडेंट से पूछा कि विमान कराची कब पहुंचेगा। अटेंडेंट से यह जानकर आश्चर्य हुआ कि विमान जेद्दा के रास्ते में है।

## खालिस्तानियों के पास मिला अवैध हथियारों का जखीरा


एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका में रह रहे खालिस्तानी अब वहां की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर रहे हैं। आए दिन धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ और भारत विरोधी गतिविधियों के चलते कई बार स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खालिस्तानियों की अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और तलाशी में भारी मात्रा में अवैध हथियार मिले हैं। अभियान में सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने स्टॉकटन पुलिस विभाग स्वाट, मैनटेका पुलिस विभाग स्वाट, स्टैनिस्लॉस काउंटी शेरिफ स्वाट और एफबीआई स्वाट टीम के साथ मिलकर कई अवैध हथियार जब्त किए। इनमें 5 हैंडगन, एक असॉल्ट राइफल, सैकड़ों गोलियां, हाई-कैपेसिटी मैगजीन और 15,000 डॉलर (लगभग 13 लाख रुपये) से अधिक नकदी शामिल है। गिरफ्तार व्यक्तियों पर अपहरण, यातना, गैरकानूनी कारावास, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से हमला, आपराधिक साजिश और गैंग एक्ट के तहत उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मशीन गन, असॉल्ट हथियार और हाई-कैपेसिटी मैगजीन के अवैध कब्जे के आरोप भी शामिल हैं। अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और दूसरी टीमों ने खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें भारत में वांछित और प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का प्रमुख सदस्य पवित्तर सिंह बटाला भी शामिल है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में गिरफ्तार लोगों के नाम जारी किए, जिनमें दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, विशाल, पवित्तर सिंह बटाला, गुरताज सिंह, मनप्रीत रंधावा और सरबजीत सिंह शामिल हैं। शेरिफ ऑफिस ने गिरफ्तारी का वीडियो भी साझा किया, जिसमें बटाला को मुख्य संदिग्ध बताया गया। पवित्तर सिंह बटाला भारत में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से आतंकी गतिविधियों के लिए वांटेड है। वह पंजाब में उगाही, हथियार तस्करी और हत्या जैसे कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## जर्मनी में 1.25 लाख वर्ष पहले चलती थी फैट फैक्ट्रीः शोध

एजेंसी

बर्लिन। हाल ही में जर्मनी के न्यूमार्क-नॉर्ड इलाके में हुई खुदाई के दौरान चौकाने वाला खुलासा हुआ है कि इंसान के पूर्वज निएंडरथल आज से करीब 1.25 लाख वर्ष पहले बाकायदा फैट फैक्ट्री चलाते थे। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि वहां प्राचीन मानव बड़े जानवरों की हड्डियां तोड़कर और गर्म करके उनमें से चर्बी निकालते थे और उसे सहेजकर रखते थे। यह सबूत बताते हैं कि निएंडरथल समुदाय ऊर्जा से भरपूर भोजन के लिए बाकायदा सुनियोजित तरीके से काम करता था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, उन प्राचीन शिकारी समाजों को सर्दियों में जीवित रहने के लिए ज्यादा कैलोरी की जरूरत होती थी।



बड़े जानवरों का शिकार करके उन्हें प्रोटीन तो मिलता था, लेकिन मानव शरीर केवल सीमित मात्रा में ही प्रोटीन पचा पाता है। इसलिए उन्होंने जानवरों की हड्डियों से चर्बी निकालने की तकनीक विकसित की। इस तरह जमा की गई चर्बी उन्हें ठंड के महीनों में शिकार पर जाने की आवश्यकता के बिना भी ऊर्जा देती थी।

## खेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक

एजेंसी

शिवराजपुर। सोमवार को सावन मास के प्रथम सोमवार को पूरे देश में शिवालयों में हर हर बम की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का बेलपत्र, पुष्प, दूध, गंगा जल आदि से अभिषेक किया। वहीं उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से लगभग 45 किलोमीटर दूर शिवराजपुर कस्बे में गंगा तट से करीब 2 किलोमीटर पहले स्थित बाबा भोलेनाथ के खेरेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हिंदू मान्यता और पुराणों के अनुसार खेरेश्वर महादेव मंदिर का सम्बन्ध महाभारत काल से है। ऐसी मान्यता है कि खेरेश्वर महादेव की स्थापना अश्वत्थामा



के पिता गुरु द्रोण ने करी थीं। यहां आज भी ऐसी मान्यता है कि अश्वत्थामा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए श्राप से मुक्ति पाने के लिए आज भी खेरेश्वर महादेव की रोज पूजा करने रात्रि की किसी पहर में आते हैं। जिसको लेकर कई मीडिया चैनल्स ने कई स्टिंग ऑपरेशन भी किए हैं। जिसमें उन्हें प्रातः काल मंदिर का पट खोले जाने पर कुछ न कुछ असमान्य रूप से घटित हुआ मिला है। कभी शिवलिंग पर पुष्प, चावल या शिवलिंग का जलाभिषेक किया हुआ मिला है। यही कारण कि शिवराजपुर का खेरेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है। सावन के पहले सोमवार को यहां श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। भक्तों ने खेरेश्वर घाट पर गंगा स्नान करने के पश्चात खेरेश्वर महादेव का गंगा जल से जलाभिषेक किया।

## यूक्रेन को अमेरिका पैट्रियट वायु रक्षा हथियार देगा

एजेंसी

वाशिंगटन। यूक्रेन और रूस युद्ध को रुकवा पाने से निराश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिका अब चुप नहीं बैठेगा। वह यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा हथियार भेजेगा। यहां यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप युद्ध रोकने के संबंध में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कई बार चर्चा कर चुके हैं। अमेरिका की समाचार वेबसाइट द हिल्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने वाशिंगटन पहुंचे पर ज्वाइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से कहा, मैं यह नहीं बता पाऊंगा कि यूक्रेन को आपूर्ति की जाने वाले पैट्रियट वायु रक्षा हथियारों की



कितनी संख्या होगी। यूक्रेन को ऐसे हथियारों की इस समय जरूरत है। इसका पूरा खर्च यूरोपीय संघ उठाएगा। उन्होंने कहा कि पुतिन दिन में अच्छी बातें करते हैं। शाम को बम गिरा देते हैं। यह विचलित करने वाला रवैया है। ट्रंप ने कहा कि सोमवार को व्हाइट हाउस में उनकी नाटो महासचिव मार्क रूट से मुलाका होनी है। इससे पहले ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि यूक्रेन को हथियार भेजने के लिए नाटो के साथ एक समझौता हुआ है। इसका खामियाजा सैन्य गठबंधन को भुगतना पड़ेगा। ट्रंप ने इस महीने की शुरूआत में पुतिन से बातचीत के बाद कहा था कि पूर्वी यूरोप में तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। यहां दिलचस्प बात यह है कि पिछले सप्ताह रक्षा विभाग ने अमेरिकी सैन्य भंडार के कम होने की चिंताओं का हवाला देते हुए यूक्रेन को कुछ वायु रक्षा मिसाइलों और गोला-बारूद की आपूर्ति रोक दी थी। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि भी की थी। दो-चार दिन बात ट्रंप ने अपना रुख बदला। इसके बाद पेंटागन ने मंगलवार को कहा यूक्रेन को अतिरिक्त रक्षात्मक हथियार भेजे जाएंगे।

# रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए डिब्बों में लगाये जायेंगे सीसीटीवी कैमरे

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000



डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाए जाएंगे। अधिकारियों ने साझा किया कि सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों को इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति और कम रोशनी की स्थिति में चलने वाली ट्रेनों के उच्च गुणवत्ता वाले फुटेज उपलब्ध हों। केंद्रीय रेल मंत्री ने अधिकारियों को इंडियाएआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा लिए गए डेटा पर एआई के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। डिब्बों के सामान्य आवागमन क्षेत्रों में कैमरे लगाने का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा में सुधार लाना है। निजता का ध्यान रखते हुए, ये कैमरे शरारती तत्वों की पहचान करने में भी मदद करेंगे। भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के प्रयास, सुरक्षित, संरक्षित और यात्री-अनुकूल यात्रा अनुभव के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## अमेरिका में आएगा विनाशकारी भूकंप, 100 फीट ऊंची उठेगी सुनामी

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के ऊपर बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यह खतरा किसी देश या आतंकवादी संगठन से नहीं, बल्कि प्राकृतिक है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि निकट भविष्य में अमेरिका में सुनामी आ सकती है। एक अध्ययन में पाया गया है कि अमेरिका के कैस्केडिया सबडक्शन जोन में साल 2100 तक एक विनाशकारी भूकंप आना तय है। आने वाले 50 सालों में कभी यह आ सकता है, जिसकी 37 फीसदी संभावना है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों ने 100 फीट ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है जो पश्चिमी तट के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देगी। कैस्केडिया सबडक्शन जोन उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट से करीब 1100 किलोमीटर लंबी भ्रंश रेखा है, जहां टेक्टोनिक प्लेट, हुआन डे फूका प्लेट, दूसरी टेक्टोनिक प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट के नीचे खिसकती है। यह कनाडा के उत्तरी वैंकूवर द्वीप से लेकर अमेरिका के पश्चिमी तट के दक्षिणी आधे हिस्से तक फैली है, जो वॉशिंगटन, ओरेगन और कैलिफोर्निया के तटों के साथ-साथ चलती है।



## खास खबर

### सायना अपने पति पी कश्यप से अलग हुई

**हैदराबाद** । अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल अपने पति और बैडमिंटन स्टार पी कश्यप से अलग हो गयी हैं। सायना ने सोशल मीडिया पर अपने पति कश्यप से अलग होने की जानकारी साझा की है। इसी के साथ ही सायना और कश्यप के रिश्ते का अंत हो गया है। ओलंपिक पदक विजेता सायना और कश्यप ने लंबे समय तक एक दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद साल 2018 में शादी की थी। वहीं अब 7 साल में ही दोनो के बीच अलगाव हो गया है। सायना ने सोशल मीडिया में लिखा, कभी कभी जिंदगी हमें अलग अलग दिशा में ले जाती है। काफी सोच विचार के बाद मैंने और कश्यप ने अलग होने का फैसला लिया है। हमने एक दूसरे के लिए शांति, बेहतरी और शांत चाहते हैं। हरियाणा के हिसार से पढ़ाई-लिखाई शुरू करने वाली साइना नेहवाल ने हैदराबाद के सेंट ऐनी कॉलेज, मेहदीपट्टनम से 10वीं पास की थी। बैडमिंटन में व्यस्तता के कारण वह कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई थीं। साइना ने कई अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते और भारतीय महिला बैडमिंटन में दुनिया भर में पहचान दिलाई।

### सिराज पर 15 फीसदी लगा जुर्माना

**लॉर्ड्स** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज किया गया है। सिराज पर ये जुमार्ना आक्रामक रुख दिखाने के लिए लगाया गया है। आईसीसी के अनुसार सिराज ने इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट करने के बाद जिस प्रकार से आक्रामक प्रतिक्रिया जतायी वह सही नहीं थी। उन्होंने डकेट से कंधे से कंधा मिला दिया, जिसके बाद अंपायरों ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के अनुसार सिराज ने अपने इस व्यवहार से गलत उदाहरण पेश किया है। कुक के अनुसार सिराज को ऐसा व्यवहार करने की कोई जरूरत नहीं थी। इसके बाद कुक ने कहा, यह स्वीकार नहीं है। आपको किसी के सामने पर इस तरह चिल्लाना नहीं चाहिए। मैं पूरी तरह से कहता हूं कि यह गलत था। किसी से टकराना नहीं चाहिये। विकेट का जश्न ऐसे मनाएं जैसे आप चाहते हैं। आपने उसे आउट कर दिया है ।

### इंग्लैंड अंडर-19 टीम ने 239 रनों पर ही पांच विकेट खोये

**लंदन** । भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने कप्तान आयुष म्हात्र के शतक से यहां मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट मैच में 540 रन बनाये हैं। जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड की अंडर-19 टीम रॉकी फिलंटॉफ के 93 रनों की सहायता से दिन का खेल समाप्त होने के समय तक 5 विकेट पर 239 रन ही बना पायी। मेजबान टीम अभी इस मैच में भारतीय जूनियर टीम ने 310 रन पीछे हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय थॉमस रेव तीन रन पर खेल रहे थे। एकनाथ सिंह ने खाता नहीं खोला था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची वॉन और इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जो के भतीजे जेडन डेनली के शुरूआत में ही आउट होने के बाद रॉकी और कप्तान हमजा शेख ने 84 रन बनाये।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता




एजेंसी

**नयी दिल्ली** । इंग्लैंड ने लॉड्र्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। इंग्लैंड ने लॉड्र्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए।

### रन लेने के प्रयास में कार्स से भिड़े जड़ेजा, हुई बहस

**भारतीय** पारी के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा रन लेने के प्रयास में इंग्लिश पेसर ब्रायडन कार्स से भिड़ गए। इसके बाद दोनों के बीच बहस भी हो गई।



**भारत का 8वां बैटर आउट, रेड्डी पवेलियन लौटे**

**भारतीय** टीम ने लंच ब्रेक से ठीक पहले 8वां विकेट गंवाया। यहां नीतीश कुमार रेड्डी 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया।

**भारत का स्कोर 100 पार, जडेजा-रेड्डी नाबाद**

193 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। 32वें ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने स्टोक्स की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर टीम का 100 वां रन बनाया।

**वॉशिंगटन सुंदर शून्य पर आउट, आर्चर ने तीसरा विकेट**

आर्चर ने सुंदर को कॉट एंड बोल्ड किया। भारत ने 25वें ओवर में 7वां विकेट भी गंवा दिया है। वॉशिंगटन सुंदर शून्य आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने कैच एंड बोल्ड किया। आर्चर ने तीसरा विकेट झटका है।

# संसद के मॉनसून सत्र में पेश होगा नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल : खेल मंत्री



एजेंसी

**नई दिल्ली** । केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल को संसद के आगामी मॉनसून सत्र में पेश किया जाएगा। मंडाविया ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया को उक्त जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत में होने वाले बहुपक्षीय टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने से नहीं रोका जाएगा।

**क्या है नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल का उद्देश्य**

**यह** बिल देश के खेल प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मकसद से लाया जा रहा है। इसके तहत एक नियामक बोर्ड का गठन प्रस्तावित है, जो राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने और फंड जारी करने जैसे अधिकार रखेगा। यह बोर्ड सुनिश्चित करेगा कि सभी खेल संगठनों में उच्च स्तर की प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानक अपनाए जाएं। साथ ही, प्रस्तावित बिल में एथिक्स कमिशन और विवाद निवारण आयोग की स्थापना का भी जिक्र है, ताकि खेलों में पारदर्शिता बनी रहे।

हालांकि, इस प्रस्ताव का कुछ खेल संस्थाओं, विशेषकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा विरोध भी किया गया है। आईओएका मानना है कि एक नियामक बोर्ड की मौजूदगी उसकी स्वायत्तता को प्रभावित कर सकती है।

**पाकिस्तानी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने की अनुमति**

**मंडाविया** ने कहा कि भारत सरकार का रुख स्पष्ट है– पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखलाएं भले न हों, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय टूर्नामेंट्स में उनके खिलाड़ियों की भागीदारी पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, चाहे क्रिकेट हो, हॉकी या कोई और खेल अगर टूर्नामेंट बहुपक्षीय है, तो पाकिस्तान की भागीदारी पर कोई रोक नहीं होगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत में आयोजित होने वाले दो अहम टूर्नामेंट्स-एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट (राजगीर, 27 अगस्त झ 7 सितंबर) और एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप (तमिलनाडु, 28 नवंबर 10 दिसंबर) – में हिस्सा लेने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी मांगी है। हालांकि अब तक स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान सरकार ने इसकी इजाजत दी है या नहीं।

**ओलंपिक चार्टर के अनुसार लिया गया निर्णय**

**खेल** मंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने का निर्णय ओलंपिक चार्टर के अनुरूप है, जो राजनीतिक कारणों से किसी देश की भागीदारी से इनकार करने पर रोक लगाता है। ऐसा करना आयोजनकर्ता देश के भविष्य में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की मेजबानी के अधिकार को खतरे में डाल सकता है। गौरतलब है कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की दौड़ में शामिल है।

# सिनर ने जीता विंबलडन का खिताब



एजेंसी

**लंदन**। इटली के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर नये विम्बलडन टेनिस चैम्पियन बनकर उभरे हैं। सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अपना चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। सिनर का ये पहला विम्बलडन खिताब है। इस जीत के साथ ही सिनर ने अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे। इसमें फ्रैंच आपन की जीत भी शामिल है। सिनर ने इस बार फाइन में कोई गलती नहीं की। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। अल्काराज सेंटर कोर्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक अंक का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार अंक अपने नाम कर जीत हासिल कर ली। सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी।

# बोलैंड ने बनाया रिकॉर्ड




**जमैका** । जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में युवा ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत का रिकॉर्ड बनाया है। बोलैंड साल 1915 के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट में 2000 गेंदें फेंकने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत वाले टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। बोलैंड का वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 3-34 का गेंदबाजी औसत आया। रहा टेस्ट गेंदबाजी औसत अब 17.33 हो गया है। ये टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 1900 के बाद से ही बोलैंड से इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही आगे रह हैं, जबकि बोलैंड से ऊपर के अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक के हैं और टेस्ट क्रिकेट के शुरूआती दौर में हैं। बोलैंड की गेंदबाजी से इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को केवल 143 रनों पर ही आउट कर दिया। बोलैंड ने वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल को 36 जबकि शाई होप को 23 रन पर पेवेलियन भेज दिया। उन्होंने शमर जोसेफ को आउट कर अपनी टीम को 82 रनों दिला दी।



स्विटजरलैंड में यूईएफए यूरो कप महिला फुटबॉल में खेलती हुई इंग्लैड व वेल्स की टीमें।

# प्रधानमंत्री की पहल से खेलो मे आया सकारात्मक बदलाव : डॉ प्रदीप वर्मा





एजेंसी

**रांची** । आचार्यकुलम स्कूल में चल रहें अस्मिता वुशु लीग विधिवत रूप से सम्पन्न हो गयी । इस लीग के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्री प्रदीप कुमार वर्मा थे । उन्होंने इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुये कहां की खेलो इंडिया के तहत किये जा रहें विभिन्न आयोजनों से देश में खेल के माहौल में एक सकारात्मक बदलाव आया है । महिला खिलाड़ियों में वुशु का खेल इन दिनों काफी लोकप्रिय हुआ है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार आया है और उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने को साबित किया है । लीग के समापन सत्र के अवसर पर ओलिंपियन श्री मनोहर तोपनो,प्रोफेसर मुकुंद मेहता, मिथलेश साहू, धर्मवीर सिन्हा, विभूति भूषण गप्पू, सुनील यादव,बीरेंद्र साहू, मुकेश साहू, अमासी बारला आदि उपस्थित थे । इस लीग में रांची के विभिन्न स्कूल और क्लबों के तकरीबन 350 खिलाडी और अधिकारी उपस्थित थे जिन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किये गए, इसके साथ साथ पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक भी प्रदान किये गए । इस अवसर पर उपस्थित झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया की अस्मिता वुशु लीग की अगली कड़ी में धनबाद और जमशेदपुर में प्रतियोगिता होंगी । उन्होंने बताया की इसी सत्र में खेलो इंडिया के जोनल और नेशनल प्रतियोगिता में झारखण्ड के खिलाडी भाग लेंगे । झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के महासचिव श्री शैलेन्द्र दुबे ने बताया की इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिला खिलाड़ियों के परफॉरमेंस में काफी सुधार आया है. अस्मिता वुशु लीग में सिल्ली वुशु अकादमी और मोराबादी वुशु क्लब के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया. इसके साथ साथ मनन विद्या, आचार्यकुलम, के सी रॉय स्कूल के खिलाड़ियों ने काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया ।

# प्रीति जिंटा भी विंबलडन फाइनल देखने पहुंची



एजेंसी

**लंदन** । अभिनेत्री प्रीति जिंटा खेलों की शौकीन हैं, वह अपने पति के साथ जैनिक सिनर और कार्लोस अल्कराज के बीच हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल को देखने पहुंची। सोशल मीडिया में इस मैच की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी आये हैं। इसमें वह अभिनेत्र पोल्का-डॉटेड नीली ड्रेस में नजर आईं, जबकि उनके पति सफेद शर्ट, नीले ब्लेजर और ट्राउजर में नजर आए। वहीं कुछ एक तस्वीरों में दोनों के कई दोस्त भी नजर आ रहे हैं। एक क्लिप में वह गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा झलती भी देखी जा सकती हैं। तस्वीरें साझा करते हुए प्रीति ने लिखा, यह सप्ताह शानदार रहा। हमने टेनिस का एक जबरदसत मैच देखा। विंबलडन में पुरुषों का फाइनल बहुत ही शानदार रहा। जैनिक सिनर को अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने पर बधाई ।

# यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने चार में से तीन मुकाबले जीते



एजेंसी

**नई दिल्ली** । यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए अब तक खेले गए चार में से तीन मुकाबले जीत लिए हैं। कप्तान संजय की अगुवाई में टीम ने आक्रामकता और अनुशासन का बेहतरीन मिश्रण दिखाया है। अब टीम की नजर दौरे के अगले चरण में इंग्लैंड, बेल्जियम और नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने पर है। टीम ने आयरलैंड और फ्रांस के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की और अब आने वाले कड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है।टीम के प्रदर्शन पर कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा,यूरोपीय दौरे की शुरूआत बेहतरीन रही है। खिलाड़ियों ने जोश और समझदारी के साथ प्रदर्शन किया है। अभी तक नीदरलैंड्स में खेलने का अनुभव सकारात्मक रहा है और हम पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि यही प्रदर्शन जारी रहे। उन्होंने कहा, हमारी ट्रेनिंग योजनाएं और प्लेयर कॉम्बिनेशन मैदान पर काम कर रहे हैं, जिससे टीम को आत्मविश्वास मिला है। खिलाड़ी रणनीति को अच्छी तरह लागू कर रहे हैं और परिपक्वता दिखा रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले मुकाबलों में भी वे यही तीव्रता बनाए रखेंगे। कप्तान संजय ने भी टीम की तैयारी पर विश्वास जताते हुए कहा, हम इस दौरे में अच्छा कर रहे हैं ।

# जडेजा भरोसेमंद बने हुए हैं : कुंबले

एजेंसी

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व कोच रहे अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अब तक भरोसेमंद बने हुए हैं। कुंबले ने जडेजा की बल्लेबाजी में निरंतरता और बढ़ती परिपक्वता की जमकर प्रशंसा की है। कुंबले के अनुसार जिस प्रकार से लॉर्ड्स टेस्ट मैच की पहली पारी में जडेजा ने बल्लेबाजी कर धैर्य और संयम से 72 रन बनाये उसे उनकी परिपक्वता का अंदाजा होता है। इसी कारण भारतीय टीम 387 रनों तक पहुंच पायी। , कुंबले ने कहा, उनमें हमेशा से ही कौशल रहा है, यह बात हम सभी लंबे समय से जानते हैं पर बल्लेबाजी में लगातार निरंतरता बनाने रखना आसान नहीं होता। जडेजा न केवल गेंद से बल्कि बल्लेबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार का योगदान अहम है। उन्होंने आगे कहा, उनके पास तकनीक है, घरेलू क्रिकेट में उसने दो तिहरे शतक लगाये हैं। जिस तरह से वह अपनी पारी को बढ़ाते हैं वह देखने में शानदार रहा है ।



# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 का खिताब

एजेंसी

**ईस्ट रदरफोर्ड** । कोल पामर के दो गोल और एक शानदार असिस्ट की बदौलत चेल्सी ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर नया इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब 32 टीमों के इस नए प्रारूप में क्लब वर्ल्ड कप खेला गया और चेल्सी इसका पहला विजेता बना। यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने के बाद अमेरिका पहुंची पीएसजी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी, खासकर सेमीफाइनल में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराने के बाद। लेकिन फाइनल में चेल्सी ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया।

**पहले हाफ में ही निपटा दिया मुकाबला**

**मैच** के 22वें मिनट में मॉलो गुस्टो की सहायता से कोल पामर ने पहला गोल किया। 30वें मिनट में पामर ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 43वें मिनट में पामर ने शानदार पास देकर जोआओ पेड्रो को गोल कराया और स्कोर 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो, जिन्हें टूर्नामेंट के दौरान ब्राइटन से साइन किया गया था, सेमीफाइनल में भी फ्लुमिनेंस के खिलाफ दो गोल कर चुके थे। फाइनल में उन्होंने भी अपनी चमक बिखेरी।

**पीएसजी पूरी तरह फेल, नेवेस को लाल कार्ड**

**पीएसजी** की टीम, जो इससे पहले अपने पिछले आठ मैचों में सिर्फ एक गोल खा चुकी थी, चेल्सी के सामने पूरी तरह बिखर गई। मैच के अंत में जोआओ नेवेस को मार्क कुकुरेला के बाल खींचने पर वीएआर रिव्यू के बाद लाल कार्ड दिखाया गया।



**ऐतिहासिक जीत, 125 मिलियन डॉलर की इनामी राशि**

**यह** जीत चेल्सी के लिए बेहद खास रही, क्योंकि इस सीजन में उसने यूईएफए कांफ्रेंस लीग भी जीती और प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिलेगी।

**ट्रम्प की मौजूदगी और सुपर बाउल जैसा माहौल**

81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद रहे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया।

**पीएसजी के लिए निराशा, अब सुपर कप पर निगाहें**

**भले** ही पीएसजी इस खिताब को नहीं जीत पाई, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग-कप डबल जीतना उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही। अब लुइस एनरिक की टीम एक महीने के विश्राम के बाद यूईएफए सुपर कप में टोटनहम हॉटस्पर के खिलाफ भिड़ेगी।

# लिवरपूल ने प्रेस्टन को 3-1 से हराया , डिओगो की याद में काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी

एजेंसी

**लंदन** । लिवरपूल ने प्रेस्टन नॉर्थ एंड को 3-1 से हराकर 2025-26 प्री फुटबॉल सीजन की अच्छी शुरूआत की है। इस मैच से पहले लिवरपूल ने अपने दिवंगत खिलाड़ी डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि दी। डिओगो और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार हादसे में मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने डिओगो और उनके भाई आंद्रे की याद में एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम भावुक हो गया।



डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में गोल करने के बाद जोटा के अंदाज में ही जश्न मनाया। वहीं कोडी गाकपो ने जोटा की शर्ट नंबर 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हो गये। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के अंत में गाले किया। ब्रेक केबाद नुनेज ने एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। वहीं गैकपो ने अंतिम मिनटों में एक गोल किया। वहीं प्रेस्टन की ओर से एकमात्र गोल लियाम लिंडसे ने किया।

## एंटीबायोटिक के सेवन से बच्चों में एक्जिमा का खतरा

एंटीबायोटिक दवाएं शरीर में होने वाले किसी भी तरह के बैक्टीरियल इंफेक्शन को आगे फैलने से रोकती है। लेकिन अधिकतर लोगों को इसके सही तरीके से सेवन करते हैं। यहां तक कि बच्चे को वायरल इन्फेक्शन में भी एंटीबायोटिक दवाइयां देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छोटे बच्चों को एंटीबायोटिक देने से आगे चलकर उनमें एक्जिमा होने का खतरा बढ़ सकता है। एक अध्ययन के नतीजों में शोधकर्ताओं ने यह चेतावनी दी है। शोधकर्ताओं ने कहा कि जिन बच्चों को दो साल की उम्र से पहले एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती है, उन्हें बड़े होने पर एक्जिमा होने का 41 प्रतिशत से 56 प्रतिशत तक ज्यादा खतरा होता है। एक्जिमा त्वचा में दर्दयुक्त एलर्जी से जुड़ी बीमारी है। शोधकर्ताओं का मानना है कि बच्चों को काफी कम उम्र में एंटीबायोटिक देने से उनके पेट में कुदरती तौर पर मौजूद बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। इस स्थिति में उनका प्रतिरक्षा तंत्र हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं से प्रभावी तरीके से निपटने में नाकाम हो जाता है। ऐसे बच्चे जब फूलों के पराग जैसे किसी अपेक्षाकृत हानिरहित बाहरी पदार्थ के संपर्क में आते हैं, तब उनका प्रतिरक्षा तंत्र अत्यधिक प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, जिससे एलर्जी शुरू हो जाती है।

### अपेंडिक्स के बारे में जरूरी बातें

अपेंडिक्स का दर्द काफी दर्दनाक होता है क्योंकि इस समस्या के दौरान डॉक्टरों के लिए भी ये पता लगाना मुश्किल होता है कि ये अपेंडिक्स का दर्द है या किसी और का। डॉक्टर कहते है कि सामान्य तौर पर अपेंडिक्स का इलाज सर्जिकल होता है लेकिन मरीज को शुरुआती समय में ही अच्छा एंटीबायोटिक देने और पूरा आराम देने पर भी अच्छा परिणाम देखने को मिलता है।



# प्राकृतिक उत्पाद भी हो सकते हैं जहरीले



**क्या** आप नैचुरल प्रोडक्ट खरीदने के लिए अपना एक्स्ट्रा समय और एक्स्ट्रा पैसे खर्च करते हैं? ऑर्गेनिक शेम्पू ऑर्गेनिक टूथपेस्ट बोटेनिकल शेम्पू हर्बल फेशवॉश? आदि ऐसे ही कई हर्बल प्रोडक्ट खरीदने में अपना समय बिताते हैं और सोचते हैं कि इससे तो आप नुकसानदायक और दुष्प्रभावी कीटाणुओं से बच जाएंगे। लेकिन आप गलत हैं। क्योंकि हर वो चीज, जिस पर सेफ और नैचुरल का टैग लिखा होता है, जरूरी नहीं की सुरक्षित हो। फुड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कहता है कि इस तरह के टैग, जैसे की नैचुरल, सेफ, रिकमेंडेड और टेस्टेड , पूरी तरह से मार्केटिंग के शब्द है जिसका मतलब होता है कुछ भी या कुछ भी नहीं। साधारण सी बात है कि इन प्रोडक्ट को बनाने वालों को ऐसा दावा करने के लिए किसी भी प्रूफ की जरूरत नहीं होती। बल्कि इन शब्दों से उनकी बिक्री ही बढ़ती है जिस कारण इन शब्दों का इस्तेमाल आजकल हर प्रोडक्ट में किया जाता है।

**निजी केयर प्रोडक्ट:** निजी केयर प्रोडक्ट जैसे की शेम्पू, शेविंग क्रीम, टूथपेस्ट आदि अन्य मेकअप के सामान कॉस्मेटिक में आते हैं। कॉस्मेटिक शब्द का मतलब हम समझते हैं हेल्दी और हाईजीन प्रोडक्ट। जबकि फुड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) इनको रेग्युलेट नहीं करती और ना ही इन प्रोडक्ट को ऐसा कोई लेबल देती है। एफडीए कहता है कि कटस्मेटिक बनाने वाली कंपनी किसी भी तरह की सामग्री या कच्चा मटेरियल इस्तेमाल करती है। और इन बने हुए प्रोडक्ट को बिना किसी सरकारी अप्रूवल के बेचती है।

ऐसे में आब आपके दिमाग में ये सवाल आ रहा होगा कि फिर इन्हें खरीदने लायक सुरक्षित होने का अफवाह कौन उड़ाता होगा?

**89% सामग्री सुरक्षित नहीं:** कॉस्मेटिक इंग्रिडियेंट रिव्यु ( सीआईआर) पेनल वर्तमान में कॉस्मेटिक प्रोडक्ट का चार्ज ली हुई है। एनवायरमेंटल वर्किंग ग्रुप ने पाया है कि पर्सन केयर के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट में जो 10,500 तरह के इंग्रिडियेंट मिले होते हैं उनमें से में 89% इंग्रिडियेंट को सीआईआर और एफडीए से कोई अप्रूवल नहीं मिला होता। यहां तक की इन प्रोडक्ट में मिले इन इंग्रिडियेंट को किसी भी तरह की सार्वजनिक एकाउंटेबल इंस्टिट्यूशन से भी प्रमाणित नहीं किया गया है।

**फेयरनेस क्रीम्स:** अब सबसे सामान्य कॉस्मेटिक के तौर पर किसी फेयरनेस क्रीम को ही लें। अब तो कई डर्मटॉलजिस्ट भी कह चुके हैं कि इन प्रोडक्ड्स में ब्लीच का इस्तेमाल किया गया होता है जिसके कारण ये इंसान को गोरा लुक प्रदान करते हैं। ये सच भी है। ज्यादा पिंग्मेंटेशन की समस्या है इन क्रीम से तभी ठीक होती है जब इसमें ज्यादा कैमिकल मौजूद होते हैं। लेकिन ये केमिकल्स हमारी स्किन को अंदर तक नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसा ही शेम्पू के साथ है। केमिकल्स से भरे ये शैम्पू बालों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

**कई प्रोडक्ट्स से होता है ब्रेस्ट कैंसर:** कई कॉस्मेटिक उत्पादों से ब्रसेट् कैंसर की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। हाल ही में बर्कले की यूनीवर्सिटी ऑफ कैलोफोर्निया के एक रिसर्चर ने ये बात कही की अधिकतर कॉस्मेटिक्स में पैराबेन मौजूद होते हैं जो औरतों के शरीर के उन हार्मोन्स को एक्टिवेट कर देता है, जिनका ताल्लुक ब्रेस्ट कैंसर से होता है। इस स्टडी में इस बात की पुष्टि हुई है कि और इसे लेकर चिंता भी जाहिर की गई कि लंबे समय तक इन पैराबेन का हमारी बॉडी से कॉन्टेक्ट प्यूबर्टी और प्रेग्नेसी के दौरान नुकसान पहुंचाते हैं।



## पेट के घाव भी भर जाते हैं

# शक्कर से पचास गुना ज्यादा मीठी मुलेठी...

**गले** में खराश हो या खांसी, मुलेठी चूसने से इसमें राहत मिलती है। इसके अलावा भी मुलेठी में कई ऐसे गुण हैं, जो शायद आप पहले नहीं जानते होंगे। जानिए मुलेठी आपको किस प्रकार लाभ पहुंचा सकती है। मुलेठी बहुत गुणकारी औषधि है। मुलेठी के प्रयोग करने से न सिर्फ आमाशय के विकार बल्कि गैस्ट्रिक अल्सर के लिए फायदेमंद है। इसका पौधा 1 से 6 फुट तक होता है। यह स्वाद में मीठी होती है इसलिए इसे यष्टिमधु भी कहा जाता है। असली मुलेठी अंदर से पीली, रेशेदार एवं हल्की गंधवाली होती है। सूखने पर इसका स्वाद अम्लीय हो जाता है।

मुलेठी की जड़ को उखाड़ने के बाद दो वर्ष तक उसमें औषधीय गुण विद्यमान रहते हैं। इसका औषधि के रूप में प्रयोग बहुत पहले से होता आया है। मुलेठी पेट के रोग, सांस संबंधी रोग, स्तन रोग, योनिगत रोगों को दूर करती है। ताजी मुलेठी में पचास प्रतिशत जल होता है, जो सुखाने पर मात्र दस प्रतिशत ही शेष रह जाता है। ग्लिसराइजिक एसिड के होने के कारण इसका स्वाद साधारण शक्कर से पचास गुना अधिक मीठा होता है। आइए हम आपको मुलेठी के गुणों के बारे में बताते हैं।



### मुलेठी के गुण

मुलेठी को काली-मिर्च के साथ खाने से कफ ढीला होता है। सूखी खांसी आने पर मुलेठी खाने से फायदा होता है। इससे खांसी तथा गले की सूजन ठीक होती है। अगर मुंह सूख रहा हो तो मुलेठी बहुत फायदा करती है। इसमें पानी की मात्रा 50 प्रतिशत तक होती है। मुंह सूखने पर बार-बार इसे चूसें। इससे प्यास शांत होगी। गले में खराश के लिए भी मुलेठी का प्रयोग किया जाता है। मुलेठी अच्छे स्वर के लिए भी प्रयोग की जाती है। मुलेठी महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद है। मुलेठी की जड़ पेट के घावों को समाप्त करती है, इससे पेट के घाव जल्दी भर जाते हैं। पेट के घाव होने पर मुलेठी की जड़ का चूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। मुलेठी पेट के अल्सर के लिए फायदेमंद है। इससे न केवल गैस्ट्रिक अल्सर वरन छोटी आंत के प्रारम्भिक भाग ड्यूओडनल अल्सर में भी पूरी तरह से फायदा करती है। जब मुलेठी का चूर्ण ड्यूओडनल अल्सर के अपच, हाइपर एसिडिटी आदि पर लाभदायक प्रभाव डालता है। साथ ही अल्सर के घावों को भी तेजी से भरता है। खून की उल्टियां होने पर दूध के साथ मुलेठी का चूर्ण लेने से फायदा होता है। खूनी उल्टी होने पर मधु के साथ भी इसे लिया जा सकता है। हिचकी होने पर मुलेठी के चूर्ण को शहद में मिलाकर नाक में टपकाने तथा पांच ग्राम चूर्ण को पानी के साथ खिला देने से लाभ होता है। मुलेठी आंतों की टीबी के लिए भी फायदेमंद है।

# आखिर क्यों फड़कतीं है हमारी आंखें ?



**कई** बार अचानक हमारी आंख फड़कने लग जाती है। आंख फड़कने पर हमारे दिमाग में कई ख्याल आते है। आंख फड़कने को भारत में कई जगहों पर शुभ-अशुभ से जोड़कर कर भी देखा जाता है। कई बार तो आंख इतनी फड़कती है कि हम परेशान हो जाते है लेकिन क्या आप जानते है कि आंख क्यों फड़कती है? अगर नहीं तो हम आज आपको इसका कारण बताते है।

आंख फड़कना आम लक्षण होता है। इसमें आंखों के आस-पास की मांसपेशियां खुद संकुचित होती है, जिससे उलझन और परेशानी तो काफी होती है लेकिन कोई नुकसान नहीं होता। आंख फड़कने के कहीं कारण है आइए जानें इन कारणों के बारे में...

### कैसे करें आंख फड़कना बंद

आंख फड़कना बंद करने के लिए हाइड्रेटेड बने रहें। ज्यादा से ज्यादा नींद लें। आंखों के फड़कने को रोकने के लिए आंखों की मसाज करें। पलकों को 30 सेकेण्ड्स तक झपकाएं। यदि आंखों का फड़कना एक सप्ताह से अधिक तक रहे तो आंखों के डाक्टर से मिलें।

### आंख फड़कने के कारण

1. थकान और तनाव के कारण भी आंख फड़कती है। तनाव के कम करके आंख का फड़कना रोका जा सकता है। नींद न पूरी होने के कारण भी ऐसा हो सकता है।
2. शराब भी आंख फड़कने का कारण हो सकती है। अगर आप शराब का सेवन अधिक करते है तो आपको यह परेशानी हो सकती है।
3. कम रोशनी में काम करने या देर तक कम्प्यूटर पर काम करने आदि से भी ये परेशानी हो सकती है।

# लौंग की चाय पीने के अद्भुत फायदे

**चाय** हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा है, जो कि दिन भी शुरुआत करने का एक जोरदार तरीका है। अगर आप वहीं ग्रीन टी या ब्लैक टी पी कर बोर हो चुके हैं, तो एक बार लौंग की चाय ट्राई कर के देखिए। लौंग तो हर घर के किचन में मौजूद होता है, तो अगर आपको अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स दूर करनी है तो लौंग की चाय पीना ना भूलें। लेनिक आइये जान लेते हैं कि इसे बनाया कैसे जाता है- 1 चम्मच लौंग को दरदरा पीस लें। फिर इस पावडर को 1 कप पानी में डाल कर 5-10 मिनट तक उबालें। जब यह उबलना शुरु हो जाए तब इसमें आधा चम्मच टी पावडर मिला कर कुछ मिनटों तक पकाएं। फिर पानी को छान कर हल्का ठंडा कर के पिएं। आप इसे स्टोर कर के रेफ्रिजिरेटर में भी रख सकते हैं। मसूड़ों और दांतों के दर्द से छुटकारा दिलाए अगर मसूड़ों और दांतों में दर्द हो तो गरम लौंग की चाय से कुल्ला करें। इससे मुंह में जमे बैक्टीरिया का खात्मा होगा और झट से आराम मिलेगा। साइनस इंफेक्शन दूर करे सीने में जकड़न या साइनस की समस्या में आप 1 कप गरम लौंग की चाय को सुबह पी सकते हैं। इससे कफ साफ होता है तथा शरीर गर्म होता है।



लौंग की चाय में मैगनीशियम और विटामिन ई और के होते हैं, जो कि जो कि बैक्टीरियल इंफेक्शन से राहत दिलाते हैं। इसको पीने से शरीर का तापमान कम होता है तथा इम्यूनिटी बढ़ती है। पाचन शक्ति मजबूत बने लंच या डिनर के पहले 1 कप लौंग की चाय पीने से शरीर में खून का फ्लो अच्छा होता है तथा मुंह में लार बनने लगती है जो कि खाने को हजम करने में सहायक होती है। यह एसिडिटी और पेट के दर्द से भी आराम दिलाता है। आंत के परजीवी मारता है लौंग की चाय में **anti-inflammatory** कम्पाउंड होता है, जो शरीर से परजीवी को हटाने का काम करता है। इससे पेट दर्द तथा डायरिया ठीक होता है। गठिया दर्द ठीक करता है अगर आपको गठिया से जुड़ा दर्द है तो आप आई कोल्ड लौंग की चाय से आराम मिल सकता है। लौंग काफी पावर फुल होती है इसलिए दर्द वाले स्थान पर लौंग की चाय के पानी से दिन में 2 या 3 बार 20 मिनट के लिए सिकाई कर सकते हैं। इससे जोड़ों का दर्द, सूजन और लिगामेंट इंजुरी में लाभ मिलेगा। स्किन इंफेक्शन से राहत दिलाए यह आपको कई तरह की स्किन इंफेक्शन से राहत दिलाएगा। लौंग की चाय में ऐसा तेल पाया जाता है जो शरीर से टॉक्सिन निकालता है। अगर इसे किसी घाव पर ऊपर से लगाया जाए तो वह जल्दी ठीक हो जाता है। यह फंगल इंफेक्शन तथा दाद से भी छुटकारा दिलाता है।



## खास देखभाल के साथ ही चाहिए संतुलित डाइट

# बच्चों की डायबिटीज को कर सकते हैं मैनेज

*गड़बड़ाती दिनचर्या और खान-पान की वजह से डायबिटीज यानि मधुमेह अब आम होता जा रहा है, लेकिन इस रोग ने अब अपनी गिरफ्त में बच्चों को भी लेना शुरू कर दिया है। ऐसे में बच्चों में मधुमेह का पता चलते ही पालकों को उनके स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना पड़ता है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं किस तरह से मधुमेह से ग्रस्त बच्चों का ख्याल रखें।*



### दर्द रहित और सुरक्षित भी...

बच्चों में डायिबटीज होने पर इंसुलिन पंप थैरेपी के जरिए उनका उपचार किया जा सकता है। ये थैरेपी दर्दरहित व सुरिक्षत है। इसे किसी भी उम्र के बच्चों को देने के लिए कहा जाता है क्योंकि इस उम्र में इंजेक्शन सही विकल्प नहीं है। इसी वजह से टाइम मैग्जीन ने इसे 2013 का सबसे बेहतरीन तकनीकी आविष्कार माना है। भारत में डायबिटीज के रोगियों में 5 फीसदी बच्चे भी शामिल हैं। पारंपरिक इंसुलिन इंजेक्शन लेने के मुकाबले ये थैरेपी ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित करने में मददगार होती है। यह उपकरण एक कम्प्यूटराइज्ड यंत्र है जो मोबाइल जैसा होता है और जिसमें फौरन इंसुलिन भरकर डाल दिया जाता है।

### इंसुलिन से ज्यादा बेहतर...


बच्चे सुई चुभने के डर से कई बार इंजेक्शन नहीं लगवाते। इस समस्या का समाधान इंसुलिन पंप थैरेपी है। इस थैरेपी में मुख्य तौर पर इंसुलिन पंप इस्तेमाल होता है, जो एक छोटा उपकरण है। इसे बाहर से पहना जाता है या मोबाइल की तरह टांगा जा सकता है। ये रोगी के शरीर की जरूरत के अनुसार इंसुलिन की सटीक डोज देता रहता है। इंसुलिन के छोटे-छोटे लगातार डोज से रोगी का शरीर सामान्य तौर पर काम करता रहता है। इंसुलिन पंप थैरेपी ने हाइपोग्लेसिमिया यानि ब्लड शुगर में कमी को काफी हद तक कम किया है।

# लिवर ट्रांसप्लांट कराने में अब नहीं ब्लड ग्रुप की चिंता

लीवर ट्रांसप्लांट करवाने के लिए अब एक समान ब्लड ग्रुप का डोनर होना जरुरी नहीं अगर आप भी लिवर के मरीज हैं अगर आपको भी अपने ब्लडग्रुप का डोनर नहीं मिल रहा है तो अब आप को घबराने की जरूरत नहीं, क्योंकि मेडिकल साइंस की इस सफलता से लिवर के मरीजों को फायदा होगा जो एक जैसा ब्लडग्रुप वाला डोनर न मिलने के कारण दम तोड़ देते थे।

### अब 15 लाख रुपए का खर्च

पहले लिवर ट्रांसप्लांट के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस नई तकनीक से डोनर आसानी से मिल जाता है और अब डॉक्टर्स ने अलग-अलग ब्लड ग्रुप के डोनर से भी लिवर के मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट तकनीक का आविष्कार किया है। दिल्ली सरकार के लिवर एवं पित्त विज्ञान संस्थान में हाल ही में दो मरीजों को बेमेल डोनर से लिवर ट्रांसप्लांट किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आइएलबीएस में लिवर ट्रांसप्लांट करवाने के लिए पहले साढ़े ग्यारह लाख रुपए खर्च करने पड़ते थे, लेकिन इस नई तकनीक के आने के कारण अब साढ़े पंद्रह लाख रुपए खर्च आएगा।



### बेहतर होती है गुणवत्ता

आइएलबीएस के मुख्य लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. वी. पामेचा के अनुसार इस तकनीक से पहली बार लिवर ट्रांसप्लांट किया गया है और लिवर ट्रांसप्लांट करने से पहले मरीज और डोनर के रक्त में भिन्नता देखी जाती है और फिर मशीन की मदद से मरीज के रक्त को साफ किया जाता है और डोनर के रक्त की गुणवत्ता को एक तरह से बेहतर किया जाता है। इसके बाद मरीज को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती।

## रेसिपी



### मल्टीग्रेन ढ़ेबरा

#### सामग्री

1 कप बारीक कटी हुई मेथी, 1 कप बाजरे का आटा, 1/4 कप ज्वार का आटा, 1 टेबल-स्पून बेसन, 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टेबल-स्पून दही, 1 1/2 टी-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 1 1/2 टेबल-स्पून लहसुन का पेस्ट, 1 टी-स्पून शक्कर, नमक स्वादअनुसार, **तलने के लिए:** तेल , **परोसने के लिए:** ताज़ा दही

#### विधि

सभी सामग्री को एक गहरे बाउल में मिलाकर, जरुरत मात्रा में पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 20 भागों में बांट लें। प्रत्येक भाग को अपनी हथेली के बीच रखकर, थपथपाते हुए 50 मिमी। (2) व्यास के गोल और 1 मोटे गोल आकार में बना लें। कढ़ाई में तेल गरम करें और थोड़े-थोड़े ढ़ेबरे डालकर, उनके दोनो तरफ से सुनहरा होने तक तल लें। ताजे दही के साथ गरमा गरम परोसें।



### चट-पटा पाव

#### सामग्री

6 लाड़ी पाव, 6 टी-स्पून मक्खन, **मसाला के लिए:** 2 टेबल-स्पून मक्खन, 3/4 कप बारीक कटा प्याज, 1/4 कप बारीक कटी शिमला मिर्च, 1/2 टी-स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1 कप बारीक कटे हुए टमाटर, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून काला नमक, 1/2 टी-स्पून गरम मसाला, **सजाने के लिए:** 2 टेबल-स्पून कटा हुआ हरा धनिया, नींबू

#### विधि

**मसाला के लिए:** एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मक्खन गरम करें, प्याज और शिमला मिर्च डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भून लें। लहसुन, टमाटर, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, नमक और 2 टेबल-स्पून पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 2 मिनट तक पका लें। काला नमक और गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच मे हिलाते हुए 1 मिनट तक पका लें। मसाले को 6 भाग में बांटकर एक तरफ रख दें। **आगे बढ़ने की विधी:** एक नॉन-स्टिक तवे में 1 टी-स्पून मक्खन गरम करें, तैयार मसाले के एक भाग को डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें। एक पाव को 2 भाग में काटें और खोलकर तवे पर रखे मसाले पर रखें। मसाले को पाव में अच्छी तरह फैला लें और मध्यम आंच पर 1 मिनट या मसाले को पाव से चिपकने तक पका लें। विधी क्रमांक 1 से 3 को दोहराकर 5 और चट्पटा पाव बना लें। धनिया से सजाएं और नींबू के साथ गरमा गरम परोसें।



## सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style

# तृप्ति

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।




हॉलीवुड मसाला



## दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



## सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



## विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



## डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




## 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

### मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

**नई दिल्ली।** कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज्यादा पूछा गया - 'बा कहां है?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



## मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** *: मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** *: हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

## कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



### कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** *: कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉड्र्स*** *: कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?:*** *अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉड्र्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*



# नोएडा में 22 कंपनियों ने दी 109 युवाओं को नौकरी




**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन गौतमबुद्धनगर के तत्वाधान में राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर-31 निठारी में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल द्वारा किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने रोजगार के लिए चयन होने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनको शुभकामनाएं दी। साथ ही डीएम ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन गौतमबुद्धनगर के जिला समन्वक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास तथा दसवीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा उपस्थित होकर युवाओं का रोजगार के लिए साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में 465 युवाओं ने उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाया, जिसमें से 109 युवाओं का रोजगार के लिए चयन हुआ। रोजगार प्राप्त कर युवक-युवतियों के चेहरे खिल उठे।

# स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें: डीएम





**नोएडा (चेतना मंच)।** छात्रों एवं अभिभावकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान नई दिल्ली द्वारा भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से कंपोजिट विद्यालय पर्थला खंजरपुर में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस उपायुक्त नोएडा यमुना प्रसाद द्वारा विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत पेट्रोलियम के हेड रिटेल नॉर्थ अचमन रेहान, हेड नॉर्थ अचार बीना मंसुख, जीएम नॉर्थ एडमिनिस्ट्रेशन अखिल गुप्ता, स्टेट हेड रिटेल उत्तर प्रदेश

## कंपोजिट विद्यालय पर्थला खंजरपुर में स्वच्छता पखवाड़ा

अनमोल भोसले, सचिव एडमिनिस्ट्रेशन नॉर्थ संजय सचदेव तथा असिस्टेंट मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन विमल पटेल उपस्थित रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा कक्षा 3 से 7 तक के बच्चों को बैग, स्टेशनरी एवं टी-शर्ट प्रदान किए गए तथा अभिभावकों को पूरे 12 महीने की हाउसहोल्ड किट (सफाई सामग्री) वितरित की गई, जिसमें ब्रश, साबुन, क्लीनर, डस्टर आदि सम्मिलित हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अभिभावकों से संवाद करते हुए विद्यालय में उनके बच्चों की स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य की नियमित देखभाल पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का सपना तभी साकार होगा जब समाज, शिक्षक और अभिभावक मिलकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएगें। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए बच्चों को नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बनाएं, तभी स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत का सपना साकार होगा।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू लता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ तथा कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना पांडे द्वारा किया गया।

# श्रेष्ठ खिलाडियों को ट्रैक सूट और किट प्रदान किए गए




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नेटबाल, जुडो, वूशू खेल शामिल रहे।

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला अध्यक्ष ग्रेटर नोएडा अभिषेक शर्मा, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, प्रतीक तिवारी, वीरेंद्र भाटी, सुधीर कौशिक, ललित शर्मा व सभी अतिथियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और किट देकर सम्मानित किया।

वरिष्ठ कोच गौतमबुधनगर परवेज अली ने बताया कि नेटबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और द्वितीय स्थान विशाल इंटरनेशनल स्कूल को मिला। जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में परवेज परवेज अली, ज्योति नागर, शिलांकुर, देवेंद्र कौशिक कार्यालय सहायक जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर का पूर्ण सहयोग रहा।

# 'शिव शंकर कृपा निवास' में महामृत्युंजय जाप



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास परिसर में स्थित मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में 'शिव शंकर कृपा निवास' का विधिवत शुभारंभ किया गया।

अंतिम निवास में शिव शंकर कृपा निवास आध्यात्मिक केंद्र की स्थापना की गई है, जहाँ प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा।

इस केंद्र का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक द्वारा संपन्न हुआ। यह अनुष्ठान पंडित गौतम ऋषि के मार्गदर्शन में पं. हरीश मिश्रा, पं. सौरभ दुबे, पं. राकेश दुबे, एवं पं. देवेंद्र त्रिपाठी द्वारा संपन्न कराया गया। सुधांशु महाराज के दिल्ली आश्रम से पधारे 11 विद्वान पंडितों द्वारा महा रुद्राभिषेक और हवन विधिवत रूप से आयोजित किया गया।

इस पावन अवसर के मुख्य अतिथि स्वयं देवाधिदेव महादेव थे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शिवभक्तों व श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। संयोजक संस्था नोएडा लोकमंच ने जानकारी दी कि 'शिव शंकर कृपा निवास' में अब प्रतिदिन प्रातः एवं सायं महामृत्युंजय मंत्र जाप जनकल्याण के उद्देश्य से नियमित रूप से किया जाएगा।

आर्य समाज के डॉ. जयेंद्र आचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आचरण, नीति एवं जीवनशैली पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमे के विरोध में प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री सहित 10 कांग्रेसियों पर हुए मुकदमे को लेकर सैक्टर-19 स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय नोएडा पर नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीटती है। सिर्फ लोक लुभावन नारे गढ़कर जनता को छलने का कार्य कर रही है। प्रदेश में विकास के नाम पर लूटतंत्र हावी है।

प्रवक्ता पवन शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता की कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने पर दमनात्मक कार्यवाही करते हुए फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता वाराणसी में 10 जुलाई को जल भराव, सीवर जाम, दुकानदारों की समस्या , जाम की समस्या एवं कावड़ यात्रा से संबंधित अव्यवस्था को लेकर पोल खोल यात्रा निकाल रहे थे तो उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए गए। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# पीएम फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम




तिथि नजदीक आ गई है। बीमा कराकर किसान फसल में विभिन्न कारणों से होने वाली क्षति से होने वाली आर्थिक हानि से बच सकते हैं।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ मौसम 2025 में किसानों के लिए बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। अतः सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अपनी फसल का बीमा अवश्य कराए और फसल में होने वाली क्षति के जोखिम से बचे। जनपद में योजना को संचालित करने के लिए एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लि0 को नामित किया गया है। खरीफ की फसल में धान एवं बाजरा तथा रबी की फसल में गेहूँ की फसल को इस योजना के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया है।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि धान की फसल कि बीमित बनराशी 84100रु है एंव कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि रू0 1682 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा। बाजरा कि बीमित धनराशि 33,600रु है एव कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि रू0 672 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा तथा गेहूं की फसल कि बीमित धनराशि 86,500 रु है एंव कृषक अंश के रूप में 1.5 प्रतिशत (धनराशि रू0 1297.50 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जायेगा।

यह योजना जनपद गौतमबुद्धनगर के सभी ऋणी व गैर ऋणी कृषकों के लिये लागू होगी। ऋणी कृषकों के लिये यह योजना स्वैच्छिक है एंव ऋणी कृषक/अऋणी कृषक 31 जुलाई 2025 तक अपनी धान व बाजरे की फसल का बीमा बैंक एंव जनसेवा केन्द्र (CSC) के माध्यम से करा सकते है। फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिनो तक खेत में सूखने के लिए रखी गयी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात / चक्रवाती वर्षा/बेमौसम वर्षा से क्षति की स्थिति में कृषक को 72 घंटे के अंदर भारत सरकार के फसल बीमा टोल फ्री नम्बर 14447 अथवा क्राप इन्श्योरेंस एप के माध्यम से आपदा घटित होने की सूचना देना अनिवार्य है। अन्य किसी भी सहायता के लिए कृषक जिला प्रबंधक फसल बीमा गौतमबुद्धनगर से 7906769211 पर संर्पक कर सकते है।

